


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 | अंतिम नागरिक तक आर्थिक न्याय पहुंचाना ...

गैस की आपूर्ति सामान्य, स्टॉक ... | 10



वर्ष : 13 | अंक : 361 | पटना, मंगलवार, 14 अप्रैल, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com



भारत सरकार

अब नेतृत्व की बारी है, नारी शक्ति वंदन की ज़िम्मेदारी है

#NariShaktiVandan

देश की बेटियों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण की गारंटी



3+ करोड़ महिलाएं बनीं लखपति दीदी

35+ करोड़ महिलाओं को मिला मुद्रा लोन

CBC 22201/13/0010/2627


**मौसम**

अधिकतम तापमान 19.0°C

न्यूनतम तापमान 16.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 55% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 1,53,955

चांदी 2,99,300

सेंसेक्स 76,847

निफ्टी 23,842

# विधायिका में महिलाओं को आरक्षण 21 वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय : मोदी

- प्रधानमंत्री ने विज्ञान भवन में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को किया संबोधित

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण देने से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के लिए लाये जाने वाले संशोधन विधेयक को 21 वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय करार देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से नारी शक्ति को समर्पित है। प्रधानमंत्री ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है जो अतीत की परिकल्पना और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। श्री मोदी ने गुरुवार को संसद में लाये जाने वाले इस संशोधन विधेयक से पहले सोमवार को यहां विज्ञान भवन में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक लेने जा रहा है, एक ऐसा निर्णय जो नारी शक्ति को समर्पित है। उन्होंने इस क्षण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि देश की संसद एक नया इतिहास रचने के निकट है जो अतीत की परिकल्पना और भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, राज्य विधानसभाओं से लेकर देश की संसद तक, दशकों की प्रतीक्षा अब समाप्त होने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 में नए संसद भवन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सर्वसम्मति से पारित किया गया था और सभी दलों ने इस बात पर सहमति जताई थी कि इसे हर हाल में 2029 तक क्रियान्वित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समय पर लागू किया जाना चाहिए ताकि महिलाओं की भागीदारी से लोकतंत्र सुदृढ़ हो। इसके लिए संसद के बजट सत्र का विशेष सत्र 16 अप्रैल से आरंभ होगा। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास और प्राथमिकता यह है कि यह कार्य संवाद, सहयोग और भागीदारी के माध्यम से पूरा किया जाए, जिससे संसद की गरिमा बढ़ेगी।

### महिलाओं के सपनों को मिली नई उड़ान

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर की महिलाएं विधानसभाओं और लोकसभा तक पहुंचने की अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त कर रही हैं। उनके सपनों को नई उड़ान मिली है और देश में सकारात्मक माहौल का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री ने सभी महिलाओं से इस पूरी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी बनाए रखने और अपने सांसदों से मिलकर अपने विचार और अपेक्षाएं साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं ने राष्ट्र के लिए हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है और देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री तक, महिलाएं इतने महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक, जहां भी महिलाएं रही हैं, उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को हर गांव तक पहुंचाएं

प्रधानमंत्री ने एक विशेष अपील के माध्यम से महिलाओं से आग्रह किया कि वे नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम की चर्चा को व्यक्तिगत मुलाकातों और सोशल मीडिया के माध्यम से देश के हर गांव तक पहुंचाएं। देश को इस महत्वपूर्ण निर्णय के बारे में हर महिला को जागरूक करना होगा ताकि वे इसकी शक्ति को समझ सकें, अपनी भूमिका को जान सकें और आने वाले समय में राज्यों से लेकर देश की संसद तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का स्पष्ट रूप से सपना देख सकें। उन्होंने निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को उज्जवल भविष्य की गारंटी बताते हुए कहा, आइए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि नारी शक्ति को उनके अधिकार प्राप्त हों और वे निर्णय लेने की प्रक्रिया में पूर्ण भागीदार बनें, यही हमारे उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी है।

**मुख्यमंत्री ने पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण**

# पटना-बेतिया एक्सप्रेस वे से उत्तर बिहार के आर्थिक विकास में और तेजी आयेगी : नीतीश

## प्रथम खण्ड का निर्माण अप्रैल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य

- सीएम ने निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने का दिये निर्देश
- पटना से बेतिया 3 घंटों में आसानी से पहुँचा जा सकेगा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सारण जिला के बकरपुर-मानिकपुर सड़क पर रूककर पटना-बेतिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य के प्रथम खण्ड का निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान परियोजना के बारे में जानकारी देते हुये पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि पटना से बेतिया को जोड़नेवाली इस ग्रीनफिल्ड परियोजना का काम तेजी से चल रहा है। इसके प्रथम खण्ड का निर्माण अप्रैल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद पटना से बेतिया 3 घंटों में आसानी पहुँचा जा सकेगा।



### पटना से बेतिया जाना होगा आसान

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की यह एक प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजना है। इस सड़क के निर्माण से पटना से बेतिया जाना आसान हो जायेगा और कम समय में लोग बेतिया पहुँच सकेंगे। इस ग्रीन फिल्ड प्रोजेक्ट के पूरा होने से अन्य मार्गों पर दबाव कम होगा। यह परियोजना वैशाली, सारण, पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिलों को सीधा पटना से जोड़ेगा। इससे उत्तर बिहार के आर्थिक विकास में और तेजी आयेगी।

**ये रहे मौजूद:**-निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ गोपाल सिंह, सारण जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार, सारण जिला के उप विकास आयुक्त श्री लक्ष्मण तिवारी एवं एनएचएआई के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने बैसाखी की दी शुभकामनायें

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यवासियों एवं देशवासियों को बैसाखी की शुभकामनायें दीं। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि बैसाखी का पर्व किसानों के जीवन में उमंग और उल्लास का संचार करता है। फसल तैयार होने पर खुशी व्यक्त करने वाला यह पर्व देश के विभिन्न भागों में विविध लोक पर्वों के रूप में मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में आगे कहा कि इस पर्व पर हमें समाज में समरसता तथा पारस्परिक सौहार्द्र बढ़ाने और समर्पण की भावना से सेवा का संकल्प लेना चाहिए।

# बिहार में सत्ता परिवर्तन का काउंट डाउन शुरू : कैबिनेट की अहम बैठक आज

- नए सीएम के नाम पर जल्द खत्म होगा सस्पेंस

प्रात : किरण

पटना। बिहार की राजनीति इस समय एक अहम मोड़ पर है। जैसे-जैसे समय बीत रहा है, राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर चर्चाएं तेज होती जा रही हैं। 14 और 15 अप्रैल को काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि पूरी संभावना है कि इसी दौरान बिहार के नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, एनडीए ने अपने सभी 202 विधायकों को 14 और 15 अप्रैल को पटना में ही रहने का निर्देश दिया है। इस दौरान किसी भी विधायक को शहर छोड़कर जाने की इजाजत नहीं होगी।

भाजपा नेतृत्व ने शिवराज सिंह चौहान को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है, जो 14 अप्रैल को पटना पहुंचेंगे और इस पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। एनडीए विधाई दल की एक अहम बैठक 14 अप्रैल को होनी है। इस बैठक में नए मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगने की संभावना है। इसके बाद नीतीश कुमार अपना इस्तीफा दे सकते हैं। अगले दिन यानी 15 अप्रैल को नए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां चल रही हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे कैबिनेट की बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि इस बैठक के बाद वे राज्यपाल सैयद अता हसनैन को अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं।

बिहार के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि हम कैबिनेट की बैठक में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री जो भी फैसला लेंगे, उसका पालन करेंगे। इस बीच, जदयू के वरिष्ठ नेता संजय कुमार झा ने विश्वास जताते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और मुख्यमंत्री स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं। पटना प्रशासन ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जिलाधिकारी डॉ. थियागराजन ने राज्यपाल को सुरक्षा, वीवीआईपी आवाजाही और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी है। इस कार्यक्रम में देश भर से कई प्रमुख नेताओं और गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की उम्मीद है, और इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। कुल मिलाकर, बिहार में सत्ता परिवर्तन अब बस कुछ ही कदम दूर है।

### सहमति को लेकर बैठकों का दौर जारी

बताया जा रहा है कि शाम 6 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक और महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें विधायक दल के नेता का चयन किया जाएगा। यही नेता मुख्यमंत्री पद के लिए नामित होगा। इसके बाद डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पर अंतिम और निर्णायक बैठक होने की संभावना है, जहां सरकार गठन को लेकर अंतिम सहमति बनाई जा सकती है। इस बीच पटना के 5 देशरत्न मार्ग स्थित डिप्टी सीएम आवास में गतिविधियां तेज हो गई हैं। जदयू और भाजपा के बड़े नेताओं की लगातार बैठकों और मुलाकातों से सियासी हलचल और बढ़ गई है। वहीं राज्यपाल के सचिव भी डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पर पहुंचे और उनसे मुलाकात की है। नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने सम्राट चौधरी के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की। इसी दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और पार्टी के संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया भी सम्राट चौधरी से मिलने पहुंचे। नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक चर्चा हुई, हालांकि बाहर निकलने पर किसी ने मीडिया से बातचीत नहीं की। बताया जा रहा है कि 14 अप्रैल को बीजेपी विधायक दल की बैठक में नए नेता के नाम पर अंतिम मुहर लग सकती है। केंद्रीय मंत्री और पर्यवेक्षक शिवराज सिंह चौहान इस फैसले की औपचारिक घोषणा करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बीपीएससी 69वीं बैच के सभी अधिकारी काम पर लौटे

पटना। राज्य में राजस्व सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के 589 अधिकारी वर्तमान में कार्यरत हैं और बीपीएससी की 69वीं बैच के सभी राजस्व अधिकारी भी अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए कार्य पर लौट आए हैं। 9 मार्च के बाद से अब तक दाखिल खारिज के 27,448 मामलों का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा परिमार्जन से संबंधित 99,734 मामलों का निपटारा किया गया है, जबकि ई-मापी के 17,354 मामलों का भी निष्पादन किया गया है।

### मतदान केंद्रों पर बायोमेट्रिक प्रणाली लागू करने की याचिका पर केंद्र, निर्वाचन आयोग को नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई जिसमें मतदान केंद्रों पर फर्जी मतदान को रोकने के लिए निर्वाचन आयोग को उंगली और आंखों की पुतली से पहचान सुनिश्चित करने वाली बायोमेट्रिक प्रणाली को लागू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट किया कि याचिका में किये गए अनुरोध पर कुछ राज्यों में जारी विधानसभा चुनाव के संदर्भ में विचार नहीं किया जा सकता है।

# कांग्रेस पवन खेड़ा के साथ खड़ी, हम डरेंगे नहीं: राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां पर लगाए गए आरोपों के बाद दर्ज हुई एफआईआर मामले में कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा का समर्थन किया है। राहुल गांधी ने कहा कि हम डरेंगे नहीं। कांग्रेस पवन खेड़ा के साथ खड़ी है। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में असम के मुख्यमंत्री को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया। उन्होंने कहा कि सरमा अपने राजनीतिक विरोधियों और आलोचकों को परेशान करने के लिए अपनी मुख्यमंत्री की सरकारी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। यह संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री की पत्नी पर जो आरोप लगाए हैं, उनकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने सरकार संचालन में पारदर्शिता की वकालत करते हुए कहा कि पारदर्शिता, सत्ता की जवाबदेही और कानून का राज संवैधानिक मूल्यों का आधार है। मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम डरेंगे नहीं। कांग्रेस पवन खेड़ा के साथ खड़ी है।

# लालू प्रसाद यादव के खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी और आरोपपत्र रद्द करने से इनकार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़े जमीन के बदले नौकरी के मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकी को सोमवार को रद्द करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हालांकि



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री यादव (77) को सुनवाई के दौरान निचली अदालत में पेश होने से छूट दे दी। सर्वोच्च अदालत ने यादव को इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए की व्यावहरिकता का मुद्दा उठाने की अनुमति दी। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने 24 मार्च को राजद प्रमुख को एक बड़ा झटका देते हुए उनके और उनके परिवार से जुड़े जमीन के बदले नौकरी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा दर्ज प्राथमिकी रद्द करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद की इस दलील को खारिज कर दिया था कि एजेंसी की कार्रवाई कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं, क्योंकि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत पूर्व अनुमति नहीं ली गई थी। अधिकारियों ने बताया कि जमीन के बदले नौकरी का यह कथित मामला लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के कार्यकाल (2004 से 2009) के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर में भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य जोन में की गई ग्रुप डी नियुक्तियों से संबंधित है।

# इस्लामाबाद वार्ता विफल, फिर भी अमेरिका-ईरान बातचीत जारी

प्रात : किरण

वॉशिंगटन/तेहरान/एजेंसी। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में उच्चस्तरीय वार्ता के निष्कर्षहीन रहने के बावजूद अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है। पाकिस्तान, मिस्त्र तथा तुर्किये के मध्यस्थ बैकचैनल कूटनीति के जरिए मतभेद कम करने में जुटे हैं। एक्सियोस की एक रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि 21 अप्रैल की युद्धविराम समय सीमा से पहले समझौते की संभावना अब भी बनी हुई है। दोनों पक्षों ने संकेत दिया है कि बातचीत पूरी तरह ठप नहीं हुई है और वार्ता के द्वार खुले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है बातचीत के दरवाजे अभी पूरी तरह बंद नहीं हुए। दोनों पक्ष अब भी बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मध्यस्थ देशों के विदेश मंत्रियों ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची सहित संबंधित पक्षों से लगातार संपर्क बनाए रखा है। मुख्य विवाद अब भी कायम हैं, जहां अमेरिका ईरान से यूरेनियम संवर्धन रोकने और उच्च संवर्धित भंडार छोड़ने की मांग कर रहा है, वहीं ईरान अपनी संपत्तियों को सौंपे जाने और व्यापक प्रतिबंधों में राहत चाहता है। श्री अराघची ने कहा कि बातचीत करने वाले किसी बड़ी सफलता से बस कुछ ही इंच दूर थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने अमेरिका पर अपनी मांगें बदलने का आरोप लगाया। यह एक ऐसा दावा है जिसे अमेरिका ने स्वीकार नहीं किया है, हालांकि वे यह मानते हैं कि इस्लामाबाद दौर के दौरान कुछ प्रगति हुई थी।अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में पहली बार दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत हुई, जिसे कठोर लेकिन उपयोगी बताया गया है। इसी बीच, अमेरिका ईरानी बंदरगाहों पर समुद्री नाकेबंदी की तैयारी भी कर रहा है, हालांकि होर्मुज जलडमरूमध्य से अंतरराष्ट्रीय आवाजाही प्रभावित न करने की बात कही गयी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वार्ता विफल होने की स्थिति में आगे की कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं।इसमें सैन्य विकल्प भी शामिल हैं। फिलहाल दोनों पक्ष बातचीत जारी रखते हुए अपने-अपने रुख में समायोजन कर रहे हैं। एक ईरानी अधिकारी के अनुसार, इस्लामाबाद वार्ता विफल नहीं रही, बल्कि उसने कूटनीतिक प्रक्रिया की नींव रखी है।

**समझौता** | **अमेरिकन एयरक्राफ्ट इंजन आपूर्ति कंपनी ने वायु सेना के साथ समझौता किया**

# अब भारत में हो सकेगी अमेरिकी इंजन की मरम्मत

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस भारतीय वायु सेना के साथ लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस फ्लीट को पावर देने वाले इंजन के लिए रिपेयर सेंटर बनाएगी। इस बावत अमेरिकन एयरक्राफ्ट इंजन आपूर्ति कंपनी ने सोमवार को वायु सेना के साथ समझौता किया है। देश में बनने वाली इस सुविधा का मालिकाना हक वायु सेना के पास होगा, जिससे विदेशी निर्भरता खत्म होने के साथ ही जरूरत पड़ने पर मरम्मत में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। एलसीए तेजस को जंग के लिए तैयार होने में तेजी लाने के मद्देनजर जीई एयरोस्पेस ने भारत में इंजन डिपो बनाने के लिए भारतीय वायु सेना के साथ समझौता किया है। अब एलसीए तेजस मार्क-1ए को पावर देने वाले एफ404-आईएन20 इंजन के लिए देश में ही रिपेयर और ओवरहॉल डिपो बनाया जायेगा। इससे वायु सेना को तेजस लड़ाकू विमान की आपूर्ति में हो रही देरी में तेजी से सुधार होगा, क्योंकि इससे मरम्मत के लिए विदेशी निर्भरता कम होगी और इंजन की रिपेयरिंग में लगने वाला समय भी बचेगा। यह सुविधा का निर्माण वायु सेना करेगी, लेकिन तकनीकी सहयोग जीई एयरोस्पेस देगी। कंपनी ने कहा कि डिपो का संचालन वायु सेना के हाथों में होगा, जिसमें जीई एयरोस्पेस प्रशिक्षित कर्मचारी, उन्हें प्रशिक्षण, जरूरी स्पेयर पार्ट्स और विशेष उपकरण की सप्लाई देगी। तेजस मार्क-1ए एयरक्राफ्ट के लिए एफ404-आईएन20 इंजन का नियमित तौर पर सालभर निर्माण करना लड़ाई की तैयारी के लिए जरूरी है, इसलिए आपूर्ति चेन में देरी से फ्लीट की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है। भारत में ही रिपेयर और ओवरहॉल की सुविधा सेट अप करने से लॉजिस्टिक दिक्कतों को कम करने में मदद मिलेगी। जीई एयरोस्पेस में डिफेंस और सिस्टम्स के लिए सेल्स और बिजनेस डेवलपमेंट की उपाध्यक्ष रीटा फ्लेहर्टी ने एक बयान में कहा कि भारत के सशस्त्र बलों को सहयोग करने और तेजस फ्लीट की स्थानीय स्थिरता को बढ़ाने के लिहाज से यह साझेदारी महत्वपूर्ण है।



# मिस यूनिवर्स एवं मिस टीन बिहार 2026 का सफल आयोजन

■ मिस यूनिवर्स इंडिया में खगड़िया की रुपाली करेगी बिहार का प्रतिनिधित्व

प्रातः किरण संवाददाता






पटना। सिटी कार्ट व संभ्रांत सिटी प्रजेंट्स मिस यूनिवर्स बिहार व मिस टीन बिहार 2026 का सफल आयोजन किया गया। ये आयोजन विश्व की सबसे बड़े ब्यूटी पेजेंट मिस यूनिवर्स के लिए मिस यूनिवर्स इंडिया द्वारा लोकल टैलेंट को मौका मिले। इस उद्देश्य से राज्य स्तर पर स्टेट ऑडिशन का आयोजन किया गया। मिस यूनिवर्स इंडिया में खगड़िया की रुपाली भूषण बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। रविवार को मिस यूनिवर्स इंडिया द्वारा राजधानी के निफ्ट कैम्पस में ऑफिसियल ऑडिशन आयोजित था। ऑडिशन में बिहार के कोने-कोने से आई कई टैलेंटेड लड़कियों के बीच रुपाली ने बाजी मारी है। इस प्रतियोगिता को जीतने के बाद वो सीधे तौर पर मिस यूनिवर्स इंडिया में बतौर फाइनलिस्ट नजर आएंगी व बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं मिस टीन बिहार का खिताब 2026 प्रीति राज को मिला। उपरोक्त ऑडिशन के दौरान जज में रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद, मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 व देश की टॉप मॉडल माणिका विश्वकर्मा, मिस यूनिवर्स बिहार 2025 शाम्भवी चौधरी, मिस यूनिवर्स इंडिया के डायरेक्टर अमजद खान और मिस यूनिवर्स बिहार के डायरेक्टर नीतू कुमारी मौजूद रहें। संभ्रांत सिटी व सिटी कार्ट एवं अमीनो पेट केयर बिहार में इस कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। मिस यूनिवर्स इंडिया के ऑनर निखिल आनंद ने मीडिया संबोधन में कहा कि बिहार राज्य ऑडिशन के विजेता को मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 में सीधे प्रवेश मिलेगा।

बता दें कि खगड़िया की रहनेवाली रुपाली भूषण ने मिस यूनिवर्स बिहार का खिताब अपने नाम किया है। वहीं बेगूसराय की निकिता फर्स्ट रनर रहीं और सेकेंड रनरअप खुशी रही, जो पटना से हैं। यह तीसरा वर्ष है जब मिस यूनिवर्स इंडिया के लिए बिहार आधिकारिक राज्य के तौर पर ऑडिशन की मेजबानी कर रहा है। प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर चमकने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुनर चमकाने का अवसर देता है। मिस यूनिवर्स इंडिया 25 मणिका विश्वकर्मा ने कहा बिहार अद्भुत है यहां के प्रतिभागियों में गजब का टैलेंट है। यहां की विजेता अब राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मंच पर बिहार को रिप्रेजेंट करेगी।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मॉनिटर द्वारा बंधुआ मजदूर एवं बाल श्रमिक मामलों की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

■ बाल श्रम उन्मूलन हेतु जिला, प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर पर टास्क फोर्स का किया गया है गठन : श्रमायुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



पटना।विशेष सचिव, उपेन्द्र प्रसाद एवं श्रमायुक्त बिहार, राजेश भारती की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के मॉनिटर श्री धनंजय टिंगल एवं संबधित विभागों के प्रतिनिधियों और स्वयंसेवी संस्थानों के साथ नियोजन भवन स्थित प्रतिबिम्ब सभाकक्ष में बंधुआ मजदूरी एवं बाल श्रम से संबंधित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक की गई।

समीक्षा बैठक में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा बंधुआ मजदूरी एवं बाल श्रम से संबंधित विस्तृत प्रस्तुति की गई, जिसमें वर्षवार उपलब्धि और बाल श्रम विमुक्त बिहार बनाए जाने की दिशा में विभाग द्वारा उठाये गए कदम की जानकारी दी गई।

समीक्षा के दौरान श्री टिंगल ने बताया कि विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के प्रयास से अन्य राज्यों से विमुक्त कराए गए बाल श्रमिकों की प्रविष्टि सी०एल०टी०एस० पोर्टल में कई बार सही तरीके से नहीं हो पाती है, जिसके कारण कई बच्चे पुनर्वास से संबंधित सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। जबकि बिहार में यह कार्य किया जा रहा है और सभी स्तर के पदाधिकारी इसके लिए क्रियाशील हैं, जो सराहनीय है।

इस संबंध में श्रमायुक्त, बिहार द्वारा सुझाव दिया गया कि श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा एनजीओ के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए कार्यशाला आयोजित किया जाना है, ताकि विमुक्त कराए गए बाल श्रमिकों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराने तथा सी०एल०टी०एस० पोर्टल में उनके नाम दर्ज करने के बीच होने वाले अंतराल को कम किया जा सके।

बैठक में श्रमायुक्त ने जानकारी दी कि बंधुआ मजदूरों एवं बाल श्रमिकों के पुनर्वास की समीक्षा हेतु मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में एक कार्ययोजना संचालित है, जिसके अंतर्गत संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे पुनर्वास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### फायरकर्मियों द्वारा दी गई अग्नि सुरक्षा की जानकारी

फतुहा। स्थानीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ढीबरपर एवं वीणापाणि कोचिंग सेंटर में पहुंचे फायरकर्मियों ने लोगों के बीच अग्नि सुरक्षा की जानकारी साझा की। प्रधान अग्निक पंकज रजक ने बताया कि एलपीजी गैस से बरती हुई सावधानियों से बड़ी सुरक्षा की जा सकती है। वहीं गर्मी के मौसम में होने वाले अग्निकांडों से सचेत करने के टिप्स देते हुए उन्होंने लोगों के सामने मॉक ड्रिल कर आग लगने और उससे बचाव का उपाय के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों को मॉक ड्रिल के माध्यम से लोगों के बीच आग से बचाव का जीवंत रूपांतरण कर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर फायरकर्मी नूरे मुज्जसिम, रवि कुमार, विकास महतो, प्रीति लता के अलावा स्कूल के शिक्षक-शिक्षके तर कर्मचारी, अभिभावक और बच्चे मौजूद थे।

### आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने सगुना मोड़ के निकट कार्यक्रम का उद्घाटन किया

दानापुर। नगर के अंतर्गत सगुना मोड़ के निकट एक हाल में उद्घाटन आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने किया।उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।पैम्पर एन्ड केयर द्वारा नारी शक्ति संवाद में मिस यूनिवर्स इंडिया मणिका विश्वकर्मा 2025 ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि रोज मर्रा की जिंदगी में महिलाओं को काफी समस्याएं हैं,उनपर खुल कर बात करना चाहिए। मणिका ने कहा कि सबसे पहले हमे खुद से प्यार करना आना चाहिए। पहली बार बिहार आने पर उन्होंने बिहार को एतिहासिक रूप से समृद्ध बताया। उन्होंने कहा कि बिहार में अपार प्रतिभाएं हैं बस जरूरत हैं उन्हें संभालने की। एक महिला चाहे तो दुनिया बदल सकती हैं।लोकसभा और विधानसभा में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित को सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम बताया।आयोजक ज्ञान रंजन ने बताया कि नारी शक्ति संवाद 2026 का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और महिलाओं को उनके अधिकारों एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। मौके पर कला एवं संस्कृति विभाग के निदेशक रूबीकुमारी,आईजीआईएम एस के डा कल्पना सिंह,अंकिता मनोवैज्ञानिक एवं मोटिवेशनल स्पीकर प्रधानाचार्य टिंकी गिरी माउंट लिट्रा जी स्कूल समेत अन्य थे।

### देशी कट्टा व गोली के साथ एक युवक गिरफ्तार

दानापुर। शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने देशी कट्टा में गोली लोड करने के वायरल एक वीडियो पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया। एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच करने के बाद दियारा क्षेत्र के मकसुदपुर निवासी उपेन्द्र राय को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक देशी कट्टा और दो गोली बरामद किया गया है।

### अवैध शराब भट्ठियां ध्वस्त

फतुहा। गुप्त सूचना के आधार पर पचरुखिया थाने की पुलिस ने सोमवार को भगवानपुर-देवरसौखी गांव में चलने वाली कई अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त करते हुए करीब पांच हजार लीटर जावा-महुआ भी नष्ट किया। थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि पुलिस को देखते ही तीन धंधेबाज भागने में सफल रहे जिनकी पहचान करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही

# हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट एकेडमी की यू13 टीम इंडो नेपाल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रवाना

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट एकेडमी की अंडर-13 टीम इंडो नेपाल चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए आज रवाना हो गई। इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में भारत और नेपाल की युवा टीमें हिस्सा लेंगी, जहां खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलेगा।टीम का पहला मुकाबला 15 अप्रैल को फुलबारी क्रिकेट एकेडमी , नेपाल के खिलाफ खेला जाएगा। इस मैच को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और टीम अपने अभियान की शुरूआत जीत के साथ करना चाहेगी।

अकादमी के कोच और प्रबंधन के साथ-साथ एकेडमी डायरेक्टर हिमांशु हरी और प्रतीक कुमार ने भी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है और उन्हें विश्वास है कि टीम बेहतरीन प्रदर्शन करेगी।

टीम स्क्वाड इस प्रकार है:साहिल कुमार, आदित्य कुमार मिश्रा, अनंत कुमार शशांक शेखर, अर्णव चंद्रा, जीत ज्योति, कृष्णा आयुष कुमार,अंकित कुमार,पर्थ देओ,अंश राज, अंशु कुमार कोचः रेहान दास गुप्ताटीम मैनेजरः सुमन शेखरटीम के खिलाड़ियों में काफी उत्साह है और सभी खिलाड़ी इस अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

# फणीश्वर नाथ रेणु की पुण्य तिथि पर जगत नारायण लाल कॉलेज में विशेष कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत फणीश्वर नाथ रेणु की पुण्य तिथि पर खगौल स्थित जगत नारायण लाल कॉलेज में विशेष कार्यक्रम काआयोजन किया गया। कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, हिंदी विभाग एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विशेष कार्यक्रम का उदघाटन प्राचार्या प्रो मधु प्रभा सिंह ने किया। रेणूजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्राचार्य प्रो सिंह ने कहा कि फणीश्वर नाथ रेणु एक वीर हृदय वाले रचनाकार थे। समाज में व्याप्त कुरीतियों पर साहित्य के माध्यम से उन्होने जमकर प्रहार किया। उनके नाम की सार्थकता को स्पष्ट करते हुए उन्होने बताया कि फणीश्वर का अर्थ होता है नाग के ईश्वर जो समाज की चोट पर फुंकारते थे, रेणु का अर्थ है धूल अर्थात वे मिट्टी से जुड़े रहकर सामाजिक न्याय की बात करते थे। उन्होंने अपने साहित्य में समाज के यथार्थता का काफी सूक्ष्म वर्णन किया है। उनकी रचनाएं खास कर रिपोर्ताज में उन्होंने सामाजिक व्यवस्था का सजीव चित्रण किया है। प्रो निखिल कुमार सिंह और डॉ गिरिजेश नंदन कुमार ने भी विचार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डा श्वेता कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुषमा कुमारी ने किया। इस मौके पर डॉ जनार्दन प्रसाद, डॉ राज नारायण सिंह, डॉ अवन्तिका कुमारी, डॉ कोणार्क बिष्ट, डा मधुबाला, डा पंकज समेत महाविद्यालय परिवार के लोग उपस्थित थे।

# आर्म्स एक्ट मामले में दो आरोपी को दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई गई

दानापुर। नगर के अंतर्गत एसीजेएम टू ने सोमवार को आर्म्स एक्ट एक मामले में दो आरोपी को दो वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाए। रूपसपुर थाना कांड सं-365/2025, में रूपसपुर के हरदासपुर काली के पास निवासी मुकेश कुमार और बेऊर के हरनीचक निवासी अजय कुमार को दोषी पाया। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में 2 वर्ष का सश्रम कारावास,तीन हजार अर्थदंड। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर 2 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास तथा धारा 26 आर्म्स एक्ट में 1 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा एवं दो हजार अर्थदंड की सजा दी गई। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनायी गई।मुख्य अभियोजक विद्यासागर प्रसाद के पर्यवेक्षण में अपर मुख्य अभियोजक अशोक कुमार, अभियोजन पदाधिकारी सौम्या आनंद थे।

## गंगा घाट किनारे से अज्ञात युवक का शव बरामद

फतुहा। नदी थाने के टेढ़ीपुल गंगा घाट किनारे से पुलिस ने सोमवार को एक अज्ञात 35 वर्षीय युवक की लाश बरामद की है। पुलिस ने पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सोमवार को ग्रामीणों की नजर गंगा किनारे लगी एक युवक की लाश पर पड़ी जिसकी सूचना तुरत पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## शादीशुदा महिला हाजीपुर से बरामद

फतुहा। पचरुखिया थाने की पुलिस ने एक 23 वर्षीया शादीशुदा महिला को हाजीपुर से बरामद कर सोमवार को उसके परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष विक्रम कुमार ने बताया कि उक्त महिला पचरुखिया थाना क्षेत्र के उसफा गांव से फरार हो गई थी। जिसकी सूचना मिलते ही मानवीय एवं तकनीकी अनुसंधान शुरू किया गया एवं उसे हाजीपुर स्टेशन से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया।

## द्विज समाज सेवा संघ द्वारा परशुराम जयंती आयोजित किया जायेगा

दानापुर। नगर के अंतर्गत द्विज समाज सेवा संघ द्वारा सोनारी मंदिर के प्रांगण में परशुराम जयंती आयोजित किया जायेगा। संघ के विशेष बैठक में ये निर्णय लिया गया। संघ के अध्यक्ष वायुनंदन मिश्र ने कहा कि आगामी 19 अप्रेल को भगवान परशुराम की जयंती मनायी जायेगी। जिसमें सुबह में भगवान परशुराम की पूजन व यज्ञ होगा। साथ ही विश्व कल्याण की कामना को लेकर यज्ञ का आयोजन होगा। अंत में प्रसाद वितरण किया जायेगा। जिसमें संघ के सभी पदाधिकारी व सदस्य शामिल होगे। बैठक में संरक्षक महंथ बबन दास संगठन मंत्री गोलू झा, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष अभय पांडेय, शंकर बाबा, अभय झा, सुभाष मिश्र, रविकांत मिश्र विक्की पांडेय, मृत्युंजय पांडेय, चंदन पाठक, राकेश पांडेय आदि उपस्थित थे।

## डीएमआई का दीक्षांत समारोह 18 अप्रैल को, राज्यपाल करेंगे छात्रों को उपाधि प्रदान

पटना : विकास प्रबंधन संस्थान (डीएमआई) का दीक्षांत समारोह 18 अप्रैल (शनिवार), 2026 को पुरानी सचिवालय परिसर स्थित अधिवेशन भवन में होगा। मुख्य अतिथि राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) पीजी डिप्लोमा (डीएम) सत्र 2024-2026 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट की उपाधि देंगे। समारोह की अध्यक्षता डीएमआइ सोसाइटी के भावी अध्यक्ष सेवानिवृत्त आइएएस भानू प्रताप शर्मा करेंगे। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा मार्च में ही समाप्त हुई है। निदेशक प्रो. देबीप्रसाद मिश्रा ने बताया कि नामांकन के साथ ही विद्यार्थियों को दो वर्ष का कैलेंडर उपलब्ध करा दिया जाता है। कक्षा, परीक्षा, परिणाम, फिल्ड विजिट, कैंपस प्लेसमेंट, दीक्षांत सहित सभी महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी उपलब्ध करा दी जाती है। उन्होंने कहा कि सत्र 2026-28 में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट कोर्स में नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। संस्थान की वेबसाइट (६६६.ॅ.ल्ल) पर विस्तृत जानकारी अपलोड है। इस वर्ष नामांकित विद्यार्थियों को बिहटा स्थित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नए कैंपस में रहने का अवसर मिलेगा। 15 एकड़ में कैंपस को विकसित किया गया है।

# बिक्रम में मामूली विवाद में हुई खूनी रंजिश, चाकू से पिता पुत्र पर किया हमला, पिता की मौत, पुत्र जख्मी

प्रातः किरण संवाददाता



बिक्रम। थानाक्षेत्र के अराप गांव में रविवार की देर रात दो पक्षों में हुए मामूली विवाद खूनी जंग में उस वक्त तब्दील हो गया, जब एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के पिता और पुत्र पर चाकू से हमला कर दिया` हमले में पिता की मौत हो गई एवं पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार अराप गांव के रमाकांत पासवान का पुत्र गोलू कुमार रात्रि पहर बाजार में समान लेने निकाला था। इसी बीच गांव के सरयुग सिंह से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। बताया जाता है कि आरोपित सरयुग सिंह द्वारा गोलू पर अचानक चाकू से वार किया गया। जख्मी गोलू अपने घर की ओर भागने लगा।घर के बाहर गोलू के पिता रमाकांत पासवान जैसे ही निकले आरोपित सरयुग सिंह ने उनपर भी चाकू से प्रहार किया।घटना की सूचना पुलिस को दी गई। दोनों जख्मी को दतियाना सीएचसी लाया गया। डॉक्टर ने जख्मी रमाकांत पासवान को मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक और तनाव का माहौल छा गया ।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना में लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। आरोपित सरयुग सिंह उर्फ नन्हें सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।उक्त घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# खगौल नगर परिषद कार्यालय के सभागार में प्रथम प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

■ अनुमंडलाधिकारी अनिरूद्ध पांडेय मुख्य पार्षद सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया उदघाटन

प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत नगर परिषद कार्यालय के सभागार में प्रथम प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। जिसका उदघाटन अनुमंडलाधिकारी अनिरूद्ध पांडेय मुख्य पार्षद सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षक शामिल हुए। जो आगामी जनगणना कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अनुमंडलाधिकारी ने जनगणना 2027 को एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व बताते हुए कहा कि इस कार्य को पूर्ण निष्ठा, सटीकता एवं जिम्मेदारी के साथ करने करना है। चार बैचों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक बैच को 3 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 24 अप्रैल 2026 तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की प्रक्रिया, डिजिटल माध्यम से डेटा संग्रहण, स्व-गणना तथा डेटा की गुणवत्ता एवं गोपनीयता से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनगणना 2027 का कार्य पूरी सटीकता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न हो।

# भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित



प्रातः किरण संवाददाता

दानापुर नगर के पाटलिपुत्र स्टेशन के निकट लालू नगर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री जितन राम मांझी, बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव तथा दीघा विधायक संजीव चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय समाजसेवी और आम लोग मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री जितन राम मांझी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जिसने शिक्षा काप्रचार-प्रसार किया, वही समाज को आगे बढ़ाने में सफल हुआ है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और समाज के वंचित वर्गों को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया। वहीं मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर द्वारा दिया गया संविधान देश की मजबूती की नींव है और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

उन्होंने युवाओं से बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लियाइस अवसर पर आयोजक सतीश पासवान, चंदन सिन्हा, गुड्डू सिंह, डबलू सिंह, प्रफुल्ल चंद्र सुधांशु, विकास चौबे, अजय पासवान, प्रभा देवी, समेत कई समाजसेवी लोग शामिल रहे।

# आपदा प्रबंधन मंत्री ने किया नारी शक्ति संवाद 2026 का उद्घाटन

## हमें खुद से प्यार करना आना चाहिए : मणिका विश्वकर्मा

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। सगुना मोड़ स्थित एक होटल में पैम्पर एन्ड केयर फाउंडेशन द्वारा नारी शक्ति संवाद 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिला व युवा लड़कियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता को समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 मणिका विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। मणिका ने कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी में महिलाओं को काफी समस्याएं हैं, उन पर खुलकर बात करनी चाहिए। सबसे पहले हमें खुद से प्यार करना आना चाहिए। एक महिला चाहें तो दुनिया बदल सकती है। पहली बार बिहार आने पर उन्होंने बिहार को एतिहासिक रूप से समृद्ध बताया। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में अपार प्रतिभाएं हैं, बस जरूरत है उन्हें संभालने की। उन्होंने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित के मुद्दे को सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम बताया।

कार्यक्रम के आयोजक ज्ञान रंजन ने बताया कि नारी शक्ति संवाद 2026 का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और महिलाओं को उनके अधिकारों एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना है। मिस यूनिवर्स इंडिया के नेशनल पीआर डायरेक्टर सर्वेश कश्यप ने इस कार्यक्रम को महिला सशक्तिकरण व जागरूकता के उद्देश्य से सबसे बेहतर बताया। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना सिंह, मनोवैज्ञानिक एवं मोटिवेशनल स्पीकर अंकिता, प्रधानाचार्य टिंकी गिरी ने ने अपने-अपने अनुभव साझा किए।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग
विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना।
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–06 वर्ष 2026–27

निम्नलिखित कार्य हेतु पर्याप्त अनुभव रखने वाले निबंधित संवेदकों से दर उद्धरण मुहरबंद कोटेशन दिनांक–27.04.2026 के 3:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है । वैसे संवेदक जो इस कार्य का अनुभव रखते हो, उन्हे कार्य में प्राथमिकता दी जायेगी। कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत भवन अंचल, पटना का कार्यालय होगा ।

सभी प्राप्त कोटेशनों उसी तिथि को अपराह्न 3:30 बजे कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कोटेशनदाताओं द्वारा अपना कोटेशन संबंधित कनीय विद्युत अभियंता/सहायक विद्युत अभियंता से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण के पश्चात् ही समर्पित करेगें। सभी या कोई भी कोटेशन को बिना कारण बताये रद्द करने तथा कार्य को एक से अधिक कोटेशनदाताओं के बीच बाँटने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। उक्त कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी, रूपरेखा एवं अन्य सूचनाएँ किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या वेवसाइट **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0म0सं0 | कार्य का नाम | कार्य समप्ति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | SITC of Audio-Visual System for small Meeting Hall of Archieve Building (Abhilekh Bhawan), Patna. | 2 Months |

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत भवन प्रमंडल सं0–3, पटना

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 000777 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## संक्षिप्त खबरें

### यूको बैंक संग्रामपुर में खाताधारक से 20 हजार की फर्जी निकासी, जांच की मांग

संग्रामपुर (मुंगेर)।प्रखंड क्षेत्र में बैंकिंग सुरक्षा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम सरकारिया निवासी रीता देवी, पति मुकेश साह ने यूको बैंक, संग्रामपुर शाखा में आवेदन देकर अपने खाते से फर्जी तरीके से पैसे निकासी की शिकायत की है। पीड़िता के अनुसार उनके खाते संख्या 04940100015182 से दिनांक 8 अप्रैल 2026 एवं 9 अप्रैल 2026 को 10-10 हजार रुपये की दो बार अवैध निकासी कर ली गई, जिससे कुल 20 हजार रुपये की हानि हुई है।रीता देवी ने शाखा प्रबंधक से तत्काल खाते को बंद कर मामले की निष्पक्ष जांच कराने एवं निकाली गई राशि को वापस दिलाने की मांग की है। बताते चलें कि इससे पहले भी इसी शाखा से लगभग पांच अन्य खाताधारकों के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी की घटना सामने आ चुकी है, जिससे ग्राहकों में भय और आक्रोश का माहौल है।स्थानीय लोगों ने बैंक प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो सके।

### हवेली खड़गपुर में दिनदहाड़े झपटमारी, बैंक से निकाले एक लाख रुपये लेकर फरार

हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। नगर क्षेत्र में सोमवार को दिनदहाड़े झपटमारी की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पश्चिम अजीमगंज मोहल्ला के समीप बाइक सवार उचक्के ने एक अधेड़ व्यक्ति के हाथ से रुपये से भरी थैली छीनकर फरार हो गया। पीड़ित भलुआकोल गांव निवासी मुरलीधर पंडित ने बताया कि उनके घर में निर्माण कार्य के तहत ढलाई होनी थी। इसके लिए उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक, हवेली खड़गपुर शाखा से एक लाख रुपये की निकासी की थी। रुपये थैले में रखकर वे ई-रिक्शा से अपने घर लौट रहे थे और किनारे बैठे हुए थे। इसी दौरान बाइक सवार उचक्का उनके हाथ से थैला झपटकर फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने एक अन्य बाइक की मदद से उचक्के का पीछा भी किया, लेकिन सोहनलाल यादव चौक के पास पहुंचते ही आरोपी नजरों से ओझल हो गया। सूचना मिलने पर खड़गपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि बैंक और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके। मामले की जांच जारी है।

### हरि सिंह महाविद्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 135वीं जयंती समारोह मनाया गया

मुंगेर। भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर हवेली खड़गपुर नगरक्षेत्र अंतर्गत हरी सिंह महाविद्यालय में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर देवेन्द्र राम ने की। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ से किया गया। जिसमें हरि सिंह महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने बाबा साहेब के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉक्टर रविशंकर डॉ रवि शंकर डॉक्टर आसिफ जमाल अभिषेक कुमार डॉ राहुल गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह के अध्यक्ष प्राचार्य प्रोफेसर देवेन्द्र प्रसाद राम ने उपस्थित छात्राओं को आंबेडकर जी के विचारों पर अमल करने और उनके बताए रास्ते पर चालने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन रवीश कुमार ने किया। वहीं कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर डॉक्टर शंभू पासवान ने किया।

### ज्वैलरी लूट कांड का उद्भेदनः दो गिरफ्तार लूटे गए जेवर व हथियार बरामद

मुजफ्फरपुर। जिले में पिछले साल हुए सनसनीखेज ज्वैलरी लूट कांड का पुलिस ने आखिरकार पर्दाफाश कर दिया है। हथियार के बल पर स्वर्ण कारोबारी से लूटपाट करने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए जेवरात, नकदी और हथियार भी बरामद किए हैं, जिससे पूरे मामले का खुलासा हो गया है। बताया गया कि यह घटना 25 अक्टूबर 2025 को जैतपुर थाना क्षेत्र के पोखरैरा में हुई थी। बाइक सवार तीन अपराधियों ने दिनदहाड़े स्वर्ण कारोबारी रामबाबू साह को निशाना बनाया था। बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर उनसे कीमती आभूषण और करीब 30 हजार रुपये लूट लिए थे और मौके से फरार हो गए थे। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी और पुलिस पर जल्द कार्रवाई का दबाव बढ़ गया था।

# जनता दरबार में पहुंचे फरियादी, दिए आवेदन,जिला पदाधिकारी ने कार्यवाही करने का अपने अधीनस्थ को दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। आमजन की समस्याओं से सीधे पदाधिकारियों को रूबरू कराने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए जन समाधान सह जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा कई लोगों की समस्याओं को सुन कर तत्काल संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निदेश दिए गए। उन्होंने कहा कि सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जिले के सभी कार्यालयों में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत संबंधित अधिकारी आने वाले लोगों की समस्याओं को सुन उसका समाधान निर्धारित समय सीमा के अंदर कर रहे हैं। बरियारपुर घोरघट निवासी परमानंद पासवान ने कहा कि कृषि पटवन हेतु उन्होंने विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किया था, परन्तु अब तक उन्हें विद्युत कनेक्शन दिया भी नहीं गया है, लेकिन प्रत्येक माह विद्युत विपत्र आ रहा है, जिससे वो मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। उन्होंने विद्युत विपत्र पर रोक लगाने तथा नए कनेक्शन हेतु किए आवेदन पर कनेक्शन दिलाने की मांग की। गुलजार पोखर निवासी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वो पूर्व में मंडल कारा में नाई के रूप में कार्य कर रहे थे, परन्तु उन्हें कुछ दिन पूर्व हटा दिया गया। उन्होंने पुनः मंडल कारा में कार्य करने हेतु अपील किया। हेवली खड़गपुर वार्ड संख्या 14 निवासी बनारसी मंडल, रूबी देवी, जानकी देवी आदि ने कहा कि वो लोग दलित समुदाय से हैं तथा सरकारी जमीन पर झुग्गी बनाकर रह रहे हैं, उन सबों ने वासगीत पर्चा दिलाने की मांग की। प्राथमिक विद्यालय कंचनगढ़ में कार्यरत शिक्षिका बबीता कुमारी ने कहा कि विद्यालय प्रधान द्वारा उन्हें वरीय शिक्षक का दायित्व दिया जा रहा है, जिसे करने में वो अक्षम हैं। इसके अलावे भी कई अन्य आवेदनों की भी जिलाधिकारी ने सुनवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों सभी आवेदनों की जांचोपरांत समुचित कार्रवाई के निदेश दिए।

# आयुक्त ने चार आवेदनों पर की सुनवाई

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। आयुक्त ने सोमवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं को सुना। उसके समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किये। मुंगेर प्रमंडल के विभिन्न जिलों से कुल 04 आवेदन क्रमशः मुंगेर जिले से दो, खगड़िया जिले से एक तथा बेगूसराय जिले से एक आवेदकों ने आयुक्त के समक्ष अपनी शिकायतो को रखा। जिसे सुनने के बाद प्रमंडलीय आयुक्त ने उसके समाधान का निर्देश दिया। इसमें भूमि विवाद और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे शामिल थे। आयुक्त ने सुनवाई के क्रम में प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें एवं आवेदनों में दिए गए विषयो को नियमों एवं विभागीय निदेशों के अनुरूप निष्पादित कर उसका प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# एक बार फिर लगी भीषण आग लाखों रुपये का हुआ नुकसान

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। जिले के नगर परिषद सुल्तानगंज के वार्ड 19 के सीतारामपुर गांव में एक बार फिर आग लगी की घटना का अंजाम दिया है/इस मामले में सीतारामपुर गांव के रहनेवाले अभीषेक चौधरी इनके माता निरु देवी ने बताया कि देर रात लगभग साढ़े बारह बजे गोली फाईरिंग की आवाज होने पर हम लोग काफी डर गये तभी रात्रि में देखा की पडोसी पंकज साह,गोलु कुमार उर्फ सोर्य कुमार, छोटु मंडल, ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगाकर भाग गया,बंद रुम अभीषेक चौधरी रहने पर किसी तरह जान बच पाया,इसकी सुचना पुलिस को देने पर मौके पर दमकल गाडी पहुंचकर आग पर काबू पा लिया गया/जिसमें घर में रखे लाखों रुपये का सामान जल कर राख हो गया है/इस घटना से पुरे परिवार डरें सहमें है,और कहा कि पुर्व में थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार,एसआई प्रियंका कुमारी द्वारा हमारे आवेदन पर सही जांच कर प्राथमिक दर्ज कर लिया होता है ऐसी घटनाएं आज नहीं होती की बात कही है।

# अक्षय तृतीया पर होने वाले संभावित बाल विवाह रोक थाम हेतु सभी धार्मिक स्थलों पर रखी जाएगी पैनी नजर

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। मनोकामना माई मंदिर, लाक्ष्मीपुर रक्सौल में आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीय पर होने वाले बाल विवाह रोक थाम हेतु जागरूगता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहयोगी एसएसबी 47 वीं एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग टीम तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी रक्सौल के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी के द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पूर्वी चम्पारण जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं एवं स्कूली छात्राओं के बीच चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण को धर्मगुरुओं व स्कूली छात्राओं से सहयोग व समर्थन मिला, जो अभिभूत करने वाला है। कहा गया कि इस अक्षय तृतीया को जिले में एक भी बाल विवाह नहीं होगी। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) पूर्वी चम्पारण में सहयोगी प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। ज्यादातर लोगों को यह पता नहीं है कि यह बाल विवाह निषेध अधिनियम बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत दंडनीय अपराध है। इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुमार्ना या दोनों हो सकता है।

# कर्ज के विवाद में युवक की पीट पीटकर हत्या, गांव में तनाव

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां कर्ज के विवाद में एक युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना सरैया प्रखंड के जैतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमेठा गांव की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 40 वर्षीय रामानंद ठाकुर के रूप में हुई है। बताया गया कि उनके पिता ने करीब छह-सात साल पहले गांव के ही एक व्यक्ति से 20 हजार रुपए का कर्ज लिया था। पिता की मौत के बाद भी यह कर्ज विवाद जारी रहा। परिजनों के मुताबिक, कर्ज का अधिकांश हिस्सा चुका दिया गया था, बावजूद इसके आरोपी लगातार दबाव बना रहा था। आरोप है कि गांव के ही मुख्तार सहनी, जो इलाके में कथित रूप से ह्यगुंडा बैंकह्न चलाता है, ने रामानंद ठाकुर को रस्सी से बांधकर बेरहमी से पिटाई की। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। गुस्साए लोगों ने अस्पताल से शव को लेकर आरोपी के घर के सामने रखकर करीब चार घंटे तक जोरदार हंगामा किया। इस दौरान इलाके में तनाव का माहौल बना रहा। मृतक के भाई कृष्णा ठाकुर ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय रामचंद्र ठाकुर ने कर्ज लिया था, जिसे परिवार द्वारा काफी हद तक चुका दिया गया था। इसके बावजूद आरोपी द्वारा लगातार दबाव और मारपीट की गई, जिससे यह दर्दनाक घटना हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# 14 अप्रैल से विशिवविख्यात चित्रकार आचार्य नंदलाल बोस की स्मृति में त्रि-दिवसीय कार्यक्रम अभिव्यंजना का होगा शुभारंभ

**● बिहार कला मंच पटना एवं बफ्टा, मुंगेर के तत्वावधान में हो रहे ऐतिहासिक कला महोत्सव के संयोजक हैं : हीरो राजन कुमार**

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर । बिहार कला मंचह्व पटना एवं बाफ्टा, मुंगेर के तत्वावधान में भारत के सुविख्यात चित्रकार पद्मविभूषण आचार्य नंदलाल बोस की पुण्य तिथि पर हवेली खड़गपुर में पहली त्रि-दिवसीय कार्यक्रम अभिव्यंजना 14 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है. ये कार्यक्रम 16 अप्रैल 2026 तक चलेगा जिसमें हजारों स्कूली बच्चे, स्थानीय कलाकार और कलाप्रेमी भाग लेंगे. हीरो राजन कुमार ने निवेदन किया है कि इसमें अधिक से अधिक लोग आएं और कला के माध्यम से जीवन में सकारात्मक पहलू को तलाश करें। इस कार्यक्रम में भारत के विख्यात पद्मश्री से सम्मानित चित्रकार पहुंच रहे हैं उनकी गरिमामयी उपस्थिति से हवेली खड़गपुर की धरती का कण-कण पुलकित होगा। क्यू- मैक्स पब्लिक स्कूल ऑडिटोरियम (हवेली खड़गपुर) मे आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम की रूपरेखा कुछ इस प्रकार है. 14 अप्रैल 2026 (मंगलवार) सुबह 11 बजे उद्घाटन सह सम्मान समारोह होगा, छात्र/छात्राओं द्वारा चित्र प्रतियोगिता 11 बजे से 2 बजे तक की जाएगी। बफ्टा, मुंगेर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम 12 बजे से 2 बजे तक होगा। 15 अप्रैल 2026 (बुधवार) को सुबह 11 बजे से चित्र प्रतियोगिता होगी।अंगिका काव्य-गोष्ठी सह अंगिका बोली सेमिनार 12 बजे से आरंभ होगा। 16 अप्रैल 2026 (गुरूवार) को अतिथि कलाकारों का सम्मान सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा. डॉ. महेश चन्द्र चौरसिया, प्रदीप पाल की भूमिका कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण है. हीरो राजन कुमार संयोजक हैं। इस कार्यक्रम में पद्मश्री श्याम शर्मा की पेंटिंग्स को लोग देखेंगे. साथ ही साथ क्षेत्रीय कलाकारों पर भी फोकस किया जाएगा. बिहार की प्रचलित भाषा अंगिका पर पहली बार इस कला महोत्सव में सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है.

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई, कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन



दरभंगा। बिहार सरकार के निश्चय पार्ट 3सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में आज कार्यालय कक्ष मे जन सुनवाई किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। आज आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएँ जिलाधिकारी के समक्ष रखें। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके समाधान के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर उनसे प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई। जनसुनवाई के दौरान 30 से अधिक आवेदनों पर विस्तृत सुनवाई की गई। इनमें से लगभग कई मामलों को मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया,जबकि शेष आवेदनों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद,शिक्षा विभाग, आयुष्मान कार्ड, बिजली विभाग आदि से संबंधित मामले तथा अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल थे। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त समस्याओं का समाधान शीघ्र,पारदर्शी एवं विधिसम्मत तरीके से किया जाए।

# नाबालिग हत्याकांड में शामिल आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)।नगर पंचायत कुशेश्वरस्थान पूर्वी के वार्ड नंबर 5 सम्राट चौक पर एक नाबालिग लड़की की हत्या का मामला सामने आया है। हत्याकांड में शामिल आरोपी को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं मृतिका किशोरी के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। मृतक के पिता ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत हिरणी पंचायत के एक गांव की नाबालिक लड़की को नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 निवासी मो. साबिर के पुत्र मो. उजाला ने बहला फुसलाकर कर 13 जनवरी को भगाकर ले गया। इस घटना को लेकर पीड़ित पिता ने थाने में अपनी पुत्री को आरोपित युवक सहित उनके माता-पिता पर अपहरण करने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया। लेकिन आवेदन पर पुलिस ने न तो प्राथमिकी दर्ज की न ही लड़की बरामद के लिए कोई कोशिश की। मृतक के परिजन ने बताया कि अगर पुलिस आवेदन पर कार्यवाही करती तो आज मेरी बेटी की जान बच जाती । और अब पुलिस कहती है कि आवेदन नही दिया है जबकि आवेदन का मैं रिसीविंग मांगा नही दिया था।एयर आवेदन भी मैं थाना पर ही लिखा लर दिए थे। इधर पीड़ित पिता ने आरोपी के परिजनों से लड़की को वापस करने के लिए जब भी कहता तो उसे दोनों के फरार रहने की बात कहते हुए आने पर लड़की वापस करने का आश्वासन देकर मामले को टालते रहा। पीड़ित मृतक के पिता ने बताया है कि उजाला लड़की को फरवरी महीने में ही अपने घर लेकर आ गया था। घर पहुंचने पर परिवार के लोगों ने नाबालिग को धर्म परिवर्तन करने का दबाव देने लगा। लेकिन उसने धर्म बदलने से इंकार करने पर परिजनों ने उसे गला दबाकर हत्या कर दी और अपने जुर्म छुपाने के ख्याल से गंभीर स्थिति में नाबालिग को सीएचसी कुशेश्वरस्थान ले गया। जहां चिकित्सक डॉ० रंजन चतुर्वेदी ने उसे मृत घोषित कर दिया और मोहम्मद उजाला ने शव को अपने घर लेकर चले आए। और कहने लगा कि बुखार लग रहा था जो कि सपना मर गयी जिसकी खबर फैलते ही लोग जुटने लगे इधर मृतक के पिता ने बताया कि हमलोग गेहू काटने गए थे तो पता चला कि मेरी बेटी को मार दिया तब हमलोग आये यह घटना आग की तरह फैल गई और मृतिका के मायके तक यह बात पहुंचा तो परिजनों के साथ साथ ग्रामीणों का हूजूम घटना पर पहुंच गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। इस दौरान आरोपी के साथ मारपीट भी किया गया। इसी दौरान मृतक के मौसा धर्मपुर निवासी अरबिंद पासवान ने बताया कि घटना कि जानकारी मिली तो पहुँचे इसी दौरान लड़का मोहम्मद उजाला को बोले तो उजाला ने मेरे पर चाकू से वार कर दिया जो कि मेरे कमर से ऊपर लगा है मैं पीएचसी में इलाज कराया हूँ तब पुलिस उजाला को हिरासत में लिया है। इधर मौके पर पुलिस ने पहुंच कर आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर अपने कब्जे में लिया और थाने पर लेकर चला गया। इधर थाना अध्यक्ष गौरव प्रसाद ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची और सबूत इकट्ठा किया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मृतिका के पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। एक युवक को कब्जे में लिया गया है। प्राथमिकी में अन्य लोगों का नाम आने पर उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस मामले को हर बिंदु पर जांच करने का आदेश दिया गया है इधर घटना को लेकर तिलकेश्वर थाना अध्यक्ष केशरी नन्द कुमार राम, नदी थाना अध्यक्ष शुशील कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद थे।

# कारतूस तस्करी का भंडाफोड़, यूनिवर्सिटी हॉस्टल से चल रहा था नेटवर्क, 200 जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। शहर में अपराध की एक और खौफनाक परत उस वक्त उजागर हुई जब पुलिस ने कारतूस तास्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। चौंकाने वाली बात यह है कि इस अवैध धंधे की जड़ें बिहार यूनिवर्सिटी के हॉस्टल तक पहुंच चुकी थीं, जहां पढ़ाई की आड़ में हथियारों का जखीरा छिपाकर रखा जा रहा था। काजी मोहम्मदपुर थाना पुलिस को मिली खुफिया सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलमबाग चौक स्थित हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 200 जिंदा कारतूस बरामद हुए, जिन्हें वे शहर में सप्लाई करने जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सिवान निवासी अभिषेक तिवारी और सीतामढ़ी निवासी अनमोल कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में जो खुलासा हुआ, उसने पुलिस को भी हैरान कर दिया। बताया गया कि एक आरोपी यूनिवर्सिटी के पीजी थर्ड हॉस्टल के कमरा नंबर 54 में अवैध रूप से रह रहा था और वहीं से इस पूरे तस्करी नेटवर्क को संचालित कर रहा था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हॉस्टल के कमरे की तलाशी ली, जहां से पिस्टल का होल्स्टर और एक मैगजीन बरामद किया गया। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है, जिसका इस्तेमाल कारतूस की सप्लाई के लिए किया जाता था। वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि दोनों तस्कर बुलेट बाइक से कारतूस की खेप लेकर लौट रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। इस मामले में काजी मोहम्मदपुर थाना में कांड संख्या-123/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मुख्य आरोपी अभिषेक तिवारी पहले भी आर्म्स एक्ट के मामले में नामजद रह चुका है, जिससे यह साफ होता है कि यह गिरोह पहले से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था। फिलहाल पुलिस इस नेटवर्क की गहराई तक पहुंचने और इसके पीछे छिपे बड़े चेहरों को बेनकाब करने में जुटी है। इस खुलासे के बाद शहर में सनसनी फैल गई है और यह सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर शिक्षा के केंद्र कब से अपराध का अड्डा बनने लगे।

# संघ लोकसेवा आयोग में सफलता प्राप्त करने वाले अभिषेक झा को सांसद ने किया उत्साहवर्धन



प्रात : किरण संवाददाता


बेनीपुर(दरभंगा)।बेनीपुर विधानसभा अंतर्गत रमौली गांव निवासी तथा संघ लोकसेवा आयोग में सफलता प्राप्त करने वाले अभिषेक कुमार झा को स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। सांसद डा ठाकुर ने रमौली गांव स्थित उनके आवास पर पहुंचकर पाग अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए कहा कि मिथिला की भूमि ज्ञान तथा संस्कार के लिए विश्व स्तर पर चर्चित है जिसका ज्वलंत उदाहरण अभिषेक झा की सफलता है। सांसद डा ठाकुर ने अभिषेक झा को जिले के युवाओं के लिए रौल मॉडल बताते हुए कहा कि यहां के छात्र छात्राओं को अभिषेक झा की लगन तथा प्रतिभा से सीख लेनी चाहिए। मिथिला की ज्ञान परंपरा को देश दुनिया के लिए उदाहरण बताते हुए कहा कि आदि काल से ही मिथिला क्षेत्र ने सभ्यता संस्कार ज्ञान शिक्षा नवाचार तथा वेद और दर्शन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमता का परिचय दिया है। अभिषेक झा की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा है ये अपनी बौद्धिक क्षमता से देश की सेवा करेंगे। मौके पर स्थानीय मंडल अध्यक्ष रजनीश सुंदरम विधानसभा संयोजक पिंटू झा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष निभा देवी सुजित चौधरी राधेश्याम झा नटवर झा राहुल झा बमबम चौधरी आदि मौजूद थे।

# खड़गपुर में एक ही रात तीन जगह चोरी, लाखों की संपत्ति गायब

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात चोरों ने ताबड़तोड़ तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन की नींद उड़ा दी। इन घटनाओं में लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया गया। पहली घटना चांदवली स्थान के समीप घटी, जहां सुनील प्रसाद बारी के घर के शटर का ताला तोड़कर चोरों ने एक बड़ा स्टेबलाइजर और तीन डीजे मशीन समेत करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के सामान की चोरी कर ली। घटना के समय घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। हालांकि, एक चोर की गतिविधि पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दूसरी घटना कच्ची मोड़ के पास स्थित एक आइसक्रीम फैक्ट्री में हुई, जहां से चोर गैस सिलेंडर, मोटर और बैटरी लेकर फरार हो गए। फैक्ट्री मालिक राजकुमार साह ने इस संबंध में थाने में आवेदन देकर पुलिस को सूचना दी है। तीसरी वारदात एक निजी विद्यालय के समीप स्थित इंटरप्राइजेज दुकान में हुई। दुकानदार रवि कुमार रंजन के अनुसार, चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 17,500 रुपये नकद सहित करीब 90 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। घटनाओं की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सभी मामलों में आवेदन प्राप्त हो चुका है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### भाकपा माले 12वें राज्य सम्मेलन में 37 प्रतिनिधियों ने किया नामांकन



दरभंगा। भाकपा माले जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने बताया की दरभंगा में 16-18 मई को आयोजित 12वे राज्य सम्मेलन में प्रतिनिधि चुनाव का नामांकन 12-13 अप्रैल को कूल 37 साथियों ने जिला कार्यालय पर किया है। 463 मतदाता अपना मत देकर 17 साथियों को अपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रतिनिधि को चुनेंगे। यह चुनाव 17अप्रैल को सुबह 7 बजे से 4 बजे तक चुनाव होगा। जहां राज्य से आए पर्यवेक्षक की देख रेख में वोट डालेंगे। आगे श्री यादव ने बताया कि बहादुरपुर के शाहपुर में रङ्गि ने माले नेताओं को आश्वासन दिया था की गरीबों को उजारने से पहले पर्चा व जमीन देकर ही हटाया जाएगा। लेकिन दुःखद है की आज गरीबों को उजार दिया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना सं०– सोनपुर 2026–27 (12, 23, 25 एवं 26)**

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा' आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि **04.05.2026 को 13:00** बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

**12. कार्य का नाम :** हाजीपुर – छपरा ग्रामीण – सेस मरम्मत (3 मी०) 18.08 टी० किमी एवं हाजीपुर – बछवाड़ा और पहलेजा घाट – सोनपुर – परमानंदपुर : टीबीआर टर्नआउट – 35 सेट (केवल सेस मरम्मत)। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 4,60,17,453.01, **बयाने की राशि (रू. में):** 9,20,400.00

**23. कार्य का नाम :** वमंई/प्रथम/सोनपुर के अधीन विभिन्न समपार फाटकों पर एलसी बाड, दरवाजे, खिड़कियों पाइप जलापूर्ति एवं अन्य बुनियादी ढाँचे में सुधार। **अनुमानित लागत (रू. में):** 1,97,98,074.43, **बयाने की राशि (रू. में):** 3,96,000.00

**25. कार्य का नाम :** सोनपुर मंडल – 30 समपार फाटकों पर मानक उँचाई गेज का प्रावधान। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 4,62,82,720.25, **बयाने की राशि (रू. में):** 9,25,700.00

**26. कार्य का नाम :** सोनपुर – हाजीपुर के बीच महत्वपूर्ण पुल सं. 78 (अप व डाउन) के संरक्षण कार्य एवं उप – संरचना का सुदृढ़ीकरण। **अनुमानित लागत (रू. में) :** 1,54,86,198.70, **बयाने की राशि (रू. में):** 3,09,700.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार – किसी भी समय निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा मे सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नही होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**
पीआर/0049/एसईई/इंजी./टी/26–27/52

## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर के लौवां में प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

इसुआपुर। प्रखंड के लौवां गांव स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार को आचार्य गायत्री नंदन शास्त्री की अध्यक्षता में महायज्ञ समिति की बैठक हुई। बैठक में भगवान गणेश, राम-जानकी, लखन एवं राधा-कृष्ण के नौ दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। वहीं आवश्यक रणनीति भी तैयार की गई। मुख्य आयोजक सह व्यवस्थापक मनोज सिंह ने बताया कि महायज्ञ 16 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आयोजित होगा। पहले दिन हनुमत ध्वजारोहण व आराधना, दूसरे से चौथे दिन वाल्मीकि रामायण पाठ, पांचवें दिन कलश यात्रा एवं मंडप प्रवेश, छठे दिन वेदी पूजन, सातवें दिन अग्नि स्थापना, आठवें दिन प्राण-प्रतिष्ठा तथा नौवें दिन पूणार्हुति का कार्यक्रम होगा। महायज्ञ में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक मध्य प्रदेश के पंडित पवन तिवारी तथा मशहूर श्रीमद्भागवत कथा वाचक राजस्थान के अर्जुन आनंद के कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। वहीं मनोरंजन के लिए मीना बाजार, टावर झूला, मिकी माउस व ब्रेक डांस जैसी व्यवस्थाएं भी की गई हैं। इस मौके पर स्थानीय जिला पार्षद छविनाथ सिंह, मुख्य आयोजक मनोज सिंह, ललन सिंह, पूर्व मुखिया राज किशोर सिंह, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय साह, रामजी सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बीडीसी सूरज सिन्हा, शिक्षक संतोष सिंह, डॉ. जय किशोर प्रसाद, सुनील राय, गुरुदेव राय, शिक्षक मनोज राय, बीडीसी हरे राम, पैक्स अध्यक्ष संतोष सिंह, शैलेश सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### 15 वारंटी एवं 14 शराब कारोबारी सहित 50 अभियुक्त गिरफ्तार

छपरा ग्रामीण। वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण एवं परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 12 अप्रैल 2026 को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 50 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें वारंट में 15 अभियुक्त, शराब सेवन में 6 अभियुक्त, शराब कारोबार में 14 अभियुक्त, हत्या के प्रयास में 3 अभियुक्त, लूट में 1 अभियुक्त, चोरी में 3 अभियुक्त, आर्म्स एक्ट में 3 अभियुक्त, जुआ अधिनियम में 1 अभियुक्त, खनन में 3 अभियुक्त एवं पोक्सो एक्ट में 1 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशन में विगत 24 घंटे में विशेष अभियान चलाकर 50 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 127 वारंट का निष्पादन किया गया। वहीं जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल 102 वाहनों से 1,57,000 (एक लाख सत्तावन हजार) रूपया जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत कुल शराब 222.54 लीटर जिसमें देशी शराब-154 लीटर, विदेशी शराब 39.54 लीटर स्प्रीट 29 लीटर, मोटरसाइकिल 6, पिस्टल 2, खाली मैगजीन 3, जिन्दा कारतूस 26, देशी कट्टा 2, गोली 1, चाकु 1, नगद-' 5300, ट्रक 3, तास 11, बेग 1, मोबाईल 7 एवं मोटरसाइकिल का खुला पार्ट बरामद किया गया है।

### चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार, दो वाहन बरामद

नगरा। नगरा प्रखंड के खैरा थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को चोरी की बाइक के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान हरेराम के टोला निवासी उपेंद्र राय के पुत्र रोहन कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने खैरा बाजार स्थित ब्रिज के नीचे चेकिंग के दौरान उसे एक स्प्लेंडर बाइक के साथ पकड़ा। पूछताछ के दौरान संदेह गहराने पर उसकी निशानदेही पर चक्सरफ गांव से एक अपाची बाइक भी बरामद की गई, जिसे भी चोरी का बताया जा रहा है। वहीं खैरा थानाध्यक्ष अखिलेश पासवान ने बताया कि गिरफ्तार युवक के खिलाफ पूर्व में भी दो मामले दर्ज हैं। फिलहाल इससे पूछताछ की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सोनपुर में मुख्यमंत्री का निरीक्षण, पटना-बेतिया एक्सप्रेस- वे निर्माण में तेजी के निर्देश

■ 2027 तक परियोजना पूर्ण करने का लक्ष्य, उत्तर बिहार की कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आयाम

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। मुख्यमंत्री नीतीश ने सोमवार को सारण जिले के सोनपुर क्षेत्र में चल रहे पटनाझ्रबेतिया एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य के प्रथम खंड का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए कार्य में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। मुख्यमंत्री ने बाकरपुर-मानपुर सड़क मार्ग पर रुककर निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और कार्य में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह परियोजना उत्तर बिहार की प्रमुख कनेक्टिविटी परियोजनाओं में से एक है, जिसका लक्ष्य अप्रैल 2027 तक पूरा करना निर्धारित है। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि पटनाझ्र बेतिया एक्सप्रेस-वे के निर्माण से न केवल यात्रा समय में कमी आएगी, बल्कि लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पटना से बेतिया जाने में लगने वाला समय इस एक्सप्रेस-वे के बनने के बाद काफी घट जाएगा, जिससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह परियोजना सारण, सीवान, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जैसे जिलों को सीधे राजधानी पटना से जोड़ेगी। इससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और समय-समय पर प्रगति की समीक्षा कर बाधाओं को दूर किया जाए। इस अवसर पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव एवं अन्य वरीय प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सारण के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने भी निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति से अवगत कराया। सरकार का मानना है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पूरा होने से उत्तर बिहार के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। मुख्यमंत्री के इस निरीक्षण से स्पष्ट संकेत मिला है कि सरकार परियोजना को समय पर पूरा कराने के लिए पूरी तरह गंभीर है।

# किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



मांझी। कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी द्वारा मांझी प्रखण्ड के मांझी पूर्वी पंचायत के गांवों के किसानों के लिए जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र माँझी के प्रशिक्षण कक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को गरमा सब्जियों, ढेंचा के हरे खाद के रूप में महत्व, उच्च क्यारी विधि से मक्के के बुवाई एवं मूँग की सीधी बुवाई के बारे में जानकारी देना था। कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी के उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम एवं इसके लाभ, गरमा सब्जियों जैसे भिन्डी, करेला, लौकी, खीरा आदि के उत्पादन एवं प्रबंधन, हरे खाद के रूप में ढेंचा का महत्व, पोषण वाटिका, फलों के बागों का प्रबंधन आदि विषयों पर सभी किसानों को विस्तृत में बताया। कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. सुषमा टम्टा ने जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम की तकनीको जैसे मूँग की सीधी बुआई , उच्च क्यारी विधि द्वारा मक्के की बुआई एवं कृषि में उपयोग होने वाली मशीनों के बारे में विस्तृत में जानकारी के साथ ही फायदे भी किसानों को बताया। पादप रोग विशेषज्ञ डॉ. जीर विनायक ने फसलों में लगने वाले कीटों के प्रबंधन के बारे में बताया। मृदा विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार ने किसानों के मृदा जांच करने की विधि एवं खेती में महत्व के बारे में किसानों को विस्तृत में बताया। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा किसानों को गरमा सब्जियों, ढेंचा एवं मक्के का बीज प्रत्यक्षण हेतु वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए तैयार करना और उन्हें नई तकनीकों से खेती करने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में सत्यनारायण यादव, विनय कुमार, परमहंस सिंह, मोहन यादव, शिवदास शर्मा, कन्हैया सिंह, ज्वाला सिंह, अमरजीत सिंह, राघवेंद्र कुमार यादव, मंटू शाह सहित कुल 25 किसानों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में, किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी से तकनीकी सहायक मनोज कुमार, राकेश कुमार एवं अवनीश पांडेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

# बिहार थियोसोफिकल फेडरेशन के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जिला मुख्यालय स्थित थियोसोफिकल लॉज में रविवार को बिहार थियोसोफिकल फेडरेशन की चुनावी आम सभा आयोजित की गई, जिसमें राज्य स्तरीय इकाई के नए पदाधिकारियों का चयन शांतिपूर्ण और पारदर्शी वातावरण में किया गया। यह फेडरेशन थियोसोफिकल सोसायटी, भारतीय शाखा की राज्य इकाई है। बैठक में एस. एल. डार पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे और उनके मार्गदर्शन में पूरी चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सर्वसम्मति से मुजफ्फरपुर लॉज के वरिष्ठ सदस्य चितरंजन सिंह कनक को अध्यक्ष, गोपालगंज लॉज के नीरज कुमार को सचिव तथा छपरा लॉज के संतोष कुमार तिवारी को कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु तीन सदस्यीय चुनाव समिति का भी गठन किया गया था। सभा में उपस्थित सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को सशक्त बनाने की उम्मीद जताई।

# जनता के दरबार में प्रशासन तत्पर: 51 मामलों की सुनवाई, त्वरित कार्रवाई के निर्देश

■ सबका सम्मान, जीवन आसान: आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन सक्रिय

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा। जिले में आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से संचालित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में कुल 51 फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में अपर समाहर्त्ता (विधि व्यवस्था) सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने उपस्थित होकर एक-एक आवेदक की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों में शीघ्र, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। जिला प्रशासन द्वारा यह कार्यक्रम सप्ताह के प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। सबका सम्मान, जीवन आसान के मूल मंत्र के साथ यह पहल प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को मजबूत कर रही है। जनता दरबार में भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, राजस्व एवं अन्य प्रशासनिक मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी मामलों की समयबद्ध समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन की इस पहल से आम लोगों में संतोष का माहौल है और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के प्रति सकारात्मक उम्मीद जगी है।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर किया गया टीकाकरण



प्रात : किरण संवाददाता

मांझी। मांझी प्रखंड में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए स्वास्थ्य केंद्र द्वारा विभिन्न स्कूलों में 9 वर्ष से 15 वर्ष के किशोरियों को टीका लगाने का अभियान चलाया जा रहा है.साथ ही स्कूलों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है. मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 26 किशोरियों को गार्डासिल वैक्सीन का टिका लगाया गया. किशोरियों को जागरूक करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रोहित कुमार ने बताया की गार्डासिल वैक्सीन जिसका डोज अब एक बार ही लेना है. उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से प्रतिवर्ष लाखों महिलाओं की जान चली जाती है. इससे बचाव के लिए टिका लगवाना जरूरी है. उन्होंने बताया कि 14 से 15 वर्ष की किशोरी इस वैक्सीन को जरूर लगवायें.इस वैक्सीन का कोई साइड इफेक्ट नहीं है. ये मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क दिया जाता है.जबकी बाजारों में इस वैक्सिंन की कीमत चार हजार रुपये हैं. यह वैक्सीन एचपीवी संक्रमण के कारण होने वाली गंभीर बीमारियों से बचने के लिए एक महत्वपूर्ण निवारक उपाय है।

# नारी शक्ति का सम्मान, सशक्त लोकतंत्र की पहचान: विधायक छोटी कुमारी

■ महिला अधिवक्ता सुनीता ने कहा महिलाओं का सम्मान ही राष्ट्र का उत्थान

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में छपरा विधायक छोटी कुमारी ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि नारी शक्ति का सम्मान ही सशक्त लोकतंत्र की असली पहचान है। उन्होंने कहा कि यह कानून महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विधायक ने कहा कि ह्लदेश और समाज के विकास में महिलाओं की बराबर की भागीदारी जरूरी है, और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया। नारी शक्ति वंदनह्व विषय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान महिला अधिवक्ता सुनीता जी ने समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके अधिकारों पर सशक्त तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सशक्त पहचान भी है। प्रेस वार्ता में अधिवक्ता ने स्पष्ट शब्दों में कहा, जब तक समाज में महिलाओं को समान सम्मान और अवसर नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य शर्त बताया। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं, लेकिन अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं, जिन्हें दूर करने के लिए समाज और सरकार दोनों को मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यक्रम में मौजूद अन्य महिलाओं ने भी नारी सशक्तिकरण के महत्व पर अपने विचार रखे और इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रेस वार्ता कुछ में उपस्थित महिलाओं में महिला मोर्चा के अनु सिंह, संध्या सिंह एवं नीलम सिह आदि प्रमुख रही।

# सांसद प्रतिनिधि ने दिया प्रतीक चिन्ह



■ बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह और प्रसाद खिलाकर जन्मदिन की दी बधाई और शुभकामनायें

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह ने भोजपुरी लोकगायिका निशा उपाध्याय के जन्मदिन पर दानापुर मे उनको बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह और प्रसाद खिलाकर जन्मदिन का बधाई और शुभकामनायें दिया इस अवसर पर उन्होंने ने केक काटने से पहले सभी आये हुए अतिथियों से मिली और उनके प्रति आभार प्रकट किया इस अवसर पर उन्होंने ने कहा की यह हमलोग के जिला और प्रदेश के लिए गौरव की बात है इस अवसर पर बधाई देने वाला को लगा रहा ताता मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह युवा मोर्चा सुमंत बाबा पंचायत समिति मुकेश कुमार सोनू सिंह विकास सिंह सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे

# अमनौर हरनारायण उच्च विद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षक अमरनाथ तिवारी को भावभीनी विदाई

प्रात : किरण संवाददाता



अमनौर। प्रखंड के उच्च विद्यालय अमनौर हरनारायण के सभागार में सोमवार को विदाई-सह-सम्मान समारोह आयोजित कर अवकाश प्राप्त शिक्षक अमरनाथ तिवारी को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत में छात्रा ऋद्धि सिद्धि सलोनी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के सचिव जयंत कुमार ने स्वागत भाषण से सभी का अभिनंदन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा नीलू सिद्धि रोशनी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। उपस्थित शिक्षकों एवं अतिथियों ने शिक्षक अमरनाथ तिवारी को अंगवस्त्र एवं फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। सम्मान पाकर शिक्षक भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि चरित्र निर्माण कर राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने शिक्षकों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। वक्ताओं ने श्री तिवारी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य श्वेता कुमारी,विक्रमा शर्मा शकील अहमद, जयंत कुमार सिंह, शशि सिंह, सरपंच रणधीर कुमार, सच्चिदानंद सिंह, शिक्षक पप्पू सिंह, आचार्य सर्व विजय, नीरज शर्मा,प्रभात सिंह, कार्तिक सिंह, परशुराम महतो, तारिक अनवर अंसारी, अजय चौहान रानी कुमारी,शिक्षक सुजय शर्मा, शंकर कुमार शर्मा, कृष्णा राम, घनश्याम प्रसाद बीडीसी पिंटू तिवारी रविंदर सिंह निर्मला कुमारी, मनोरंजन सिंह,स्वच्छी कुमारी सरोज पाण्डेय समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षक नवीन पुरी ने किया।

# एकमा में भीषण सड़क हादसा: बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा। एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे-531 पर माने मठिया गांव के समीप सोमवार अपराह्न एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बाइक पर सवार दो युवक सामने से आ रहे अज्ञात वाहन से टक्कर के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। बताया गया है कि दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉ. कौशलेंद्र कुणाल ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, छपरा रेफर कर दिया। मृतक की पहचान रसूलपुर थाना क्षेत्र के देवपुरा गांव निवासी प्रताप प्रसाद के 22 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक की पहचान उसी गांव के रामेश्वर साह के 22 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार साह के रूप में की गई है। चिकित्सकों के अनुसार घायल विशाल की हालत भी नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची आवश्यक कार्यवाही और जांच में जुट गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन थाने एवं अस्पताल पहुंच गए। इस दौरान परिजनों में चीख-पुकार मच गई और माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों युवक बाइक से घायल युवक विशाल कुमार साह की बहन के घर जा रहे थे। इसी दौरान एकमा से दाउदपुर की ओर जाते समय माने मठिया गांव के पास सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

# दो पिस्टल, 25 कारतूस एवं एक मोटरसाईकिल जब्त कर तीन अभियुक्त गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ग्रामीण। सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र में पूर्व के मामले में पुलिस ने छापेमारी करते हुए हथियार सहित तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है। एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल 2026 को भेल्दी थाना कांड संख्या 145/26 के अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी किया गया इसी दौरान कांड के प्राथमिकी अभियुक्त मो० शमशेर साह को गिरफ्तार कर पूछताछ के दौरान उसके मोबाइल का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत मोबाईल में अवैध हथियार से संबंधित तस्वीरें प्राप्त हुईं। हथियार के बारे में सख्ती से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह हथियार राहुल सिंह के पास है जो कि कोरया गांव में हुई चाकूबाजी की घटना में शामिल था। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशन में थानाध्यक्ष भेल्दी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के साथ छापेमारी में प्रस्थान किया तभी सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मलाही पुल के पास एक व्यक्ति मोटरसाईकिल लगाकर खड़ा है। उक्त सूचना पर गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम मलाही पुल के पास पहुँचा, पुलिस की कार्रवाई को देखते ही वह भागने लगा जिसे पुलिस टीम की सहायता से पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर वह अपना नाम राहुल सिंह, पिता स्व० किसुन सिंह, साकिन सेंधमारी, थाना मढ़ौरा, जिला-सारण बताया। जांच एवं तलाशी के क्रम में उक्त के बैग से पिस्टल 2, खाली मैगजीन 3, जिंदा कारतूस 25, मोबाइल 2 एवं मोटरसाइकिल 1 जप्त किया गया।

# मिजार्पुर में चाकू गोदकर एक बुजुर्ग की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा। स्थानीय मिजार्पुर के हनुमान मंदिर के पास रविवार की देर शाम करीब 8 बजे हुई एक चाकूबाजी की घटना में बाबू के असोइया निवासी 60 वर्षीय अशर्फी राय की मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मिजार्पुर बाजार के हनुमान मंदिर के पास एक चाय की दुकान पर दौनी कराने की चर्चा को लेकर विवाद बढ़ने पर गांव के ही एक सरफिरे व्यक्ति ने अशर्फी राय पर चाकू से हमला कर दिया जिससे वे बुरी तरह जख्मी हो गए। जिन्हें ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए मढ़ौरा अनुमण्डल अस्पताल में लाया गया जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर वीरेश कुमार ने जरूरी जांच पड़ताल के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर वीरेश ने बताया कि चाकू हार्ट में लगी थी और अस्पताल में पहुचे से पहले इनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद बाबू के असोइया गांव में काफी तनाव व्याप्त है।

# आत्मा योजना के तहत किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग का प्रशिक्षण, हर प्रखंड में चलेगा जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), सारण के तत्वावधान में किसानों के हित में जिले भर में संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा सारण मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रत्येक प्रखंड में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरकों एवं जैविक खादों के उपयोग, मृदा प्रबंधन तथा मृदा जांच की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी देना है। इसके माध्यम से न केवल मृदा स्वास्थ्य में सुधार लाने पर बल दिया जा रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, मंढी सारण के वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को असंतुलित उर्वरकों (विशेषकर यूरिया एवं डीएपी) के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जा रहा है। किसानों को संतुलित एवं जैविक उर्वरकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे खेती अधिक लाभकारी और टिकाऊ बन सके। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 अप्रैल को सोनपुर व दरियापुर, 15 अप्रैल को परसा व मकेर, 16 अप्रैल को दिघवारा व गरखा, 17 अप्रैल को सदर छपरा व नगरा, 18 अप्रैल को जलालपुर व बनियापुर में प्रशिक्षण आयोजित होगा। वहीं 20 अप्रैल को इसुआपुर व मशरख, 21 अप्रैल को तरैया व पानापुर, 22 अप्रैल को अमनौर व मढ़ौरा, 23 अप्रैल को एकमा व लहलादपुर तथा 24 अप्रैल को रिविलगंज व मांझी प्रखंड में कार्यक्रम संपन्न होगा। जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर वैज्ञानिक खेती की तकनीकों को अपनाएं और अपनी आय में वृद्धि सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त खबरें

**घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता, प्रशासन ने कहा- बेवजह न लगाएं भीड़**

आरा। भोजपुर जिले में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि जिले में कुल 30 गैस वितरक कार्यरत हैं, जिनके पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, इंडेन के 06 वितरकों के पास 3734 एलपीजी सिलेंडर, भारत गैस के 30 वितरकों के पास 6660 सिलेंडर तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 09 वितरकों के पास 2334 सिलेंडर उपलब्ध हैं। इस प्रकार कुल 12,728 एलपीजी सिलेंडर वितरण के लिए मौजूद हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में सिलेंडर डिलीवरी के बाद अगली बुकिंग शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही संभव होगी। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त कर डिलीवरी बॉय के माध्यम से ही गैस सिलेंडर लें। होम डिलीवरी की सुविधा शुरू कर दी गई है, इसलिए गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और पैनिक बुकिंग से बचें। किसी भी समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ता इंडेन के टोल फ्री नंबर 1906, आईओसीएल 1800-2333-555, बीपीसीएल 1800-22-4344 और एचपीसीएल 1800-2333-555 पर संपर्क कर सकते हैं। गैस वितरण में गड़बड़ी की शिकायतों के निपटारे के लिए जिला नियंत्रण कक्ष भी सक्रिय है। इसके लिए दूरभाष संख्या 06182-248702 जारी की गई है। वहीं, आरा, पीरो और जगदीशपुर अनुमंडलों में भी अलग-अलग नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। प्रशासन द्वारा होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई दुकानों में लगातार छापेमारी की जा रही है। अब तक 7 प्राथमिकी पर प्राथमिकी दर्ज की गई है और 35 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं। सोमवार को भी 5 गैस एजेंसियों का निरीक्षण और 2 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की गई। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

**एसडीओ परीक्षा आज से शुरू होगी, नौ बजे तक ही केंद्र में मिलेगा प्रवेश**

आरा बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (अएडओ) परीक्षा आज से शुरू होने जा रही है। यह परीक्षा राज्य के 38 जिलों में बनाए गए कुल 746 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। आयोग के अनुसार, इस परीक्षा में लगभग 11 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिससे यह राज्य की बड़ी परीक्षाओं में से एक मानी जा रही है। परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण की परीक्षा 14 और 15 अप्रैल को होगी। 14 अप्रैल को पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सामान्य भाषा की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक सामान्य अध्ययन की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 15 अप्रैल को केवल एक ही पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक सामान्य अध्ययन की परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से पहले पहुंचना अनिवार्य किया गया है। सुबह 9 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा। इसलिए, उम्मीदवारों को कम से कम डेढ़ घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी गई है। परीक्षा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अभ्यर्थियों की पहचान बायोमेट्रिक और फेस रिकग्निशन के माध्यम से की जाएगी। एडमिट कार्ड के साथ वैध फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। ओएमआर शीट पर केवल सात अंकों का रोल नंबर ही दर्ज करना होगा और काले या नीले बॉल पेन का ही उपयोग करना होगा। इसके अलावा, परीक्षा केंद्र में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आयोग ने सभी अभ्यर्थियों से दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो।

**श्री भगवान सिंह कुशवाहा को मंत्रिमंडल में शामिल करने की उठी मांग**

जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड अध्यक्ष अनूप पटेल ने मीडिया से बातचीत करते हुए आगामी बिहार कैबिनेट विस्तार को लेकर बड़ी उम्मीदें जताई हैं। उन्होंने कहा कि जगदीशपुर की जनता पिछले 15 वर्षों से अपने नेता को विधायक चुनती आ रही है, लेकिन 2025 का यह समय क्षेत्र के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है। पटेल ने कहा कि क्षेत्र की जनता चाहती है कि उनके लोकप्रिय नेता और जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्री भगवान सिंह कुशवाहा को राज्य मंत्रिमंडल में जगह मिले। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जगदीशपुर के विकास के लिए कुशवाहा जी का मंत्री पद संभालना अत्यंत आवश्यक है। अनूप पटेल ने दावा किया कि क्षेत्र की जनता को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फैसलों पर पूरा भरोसा है और वे अपने नेता को मंत्री के रूप में शपथ लेते देखना चाहते हैं।

# जदयू के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की मुलाकात

प्रात : किरण संवाददाता



सहार। सहार प्रखंड के नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष राकेश सोनी ने नीतीश कुमार से मुलाकात की साथी साथ उन्होंने माननीय नीतीश कुमार को राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी, और कहा कि आप बिहार के विश्वकर्मा है आपने बिहार को अपने घर की तरह सजाया, और सवारा है आपके जैसा बिहार को कभी मुख्यमंत्री नहीं मिलेगा, आपने जाति धर्म से ऊपर उठकर सभी वर्गों को न्याय के साथ विकास की गंगा बहा दिया, आपने पूरा बिहार को अपना परिवार समझा इसलिए आज पूरा बिहार की जनता आपका इस निर्णय से दुःखी और आहत है , फिर भी आपके निर्णय हम लोग सम्मान करते है, आप हमेशा स्वस्थ और खुशहाल रहे।

# एसपी मिस्टर राज ने जनता दरबार में सुनी फरियादियों की समस्याएं

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। सोमवार को पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज के द्वारा आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं की सुनवाई की गई। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे परिवादियों ने अपनी-अपनी शिकायतें एसपी के समक्ष रखीं। जन सुनवाई के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष जांच कर शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार में भूमि विवाद, मारपीट, घरेलू विवाद सहित कई मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आई, जिन पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश मौके पर ही दिए गए। एसपी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को न्याय के लिए भटकना न पड़े।

## स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग द्वारा 13 अप्रैल 2026 को भौगोलिक एवं शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ राकेश कुमार रंजन तथा छात्र कल्याण पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश राय ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कक्षा में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम को व्यावहारिक एवं धरातलीय स्तर पर समझाना है, ताकि वे भौगोलिक तथ्यों को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव कर सकें। भ्रमण के दौरान विभिन्न भौगोलिक स्थलों का अवलोकन कर छात्रों को स्थलाकृतिक, पर्यावरणीय एवं सामाजिक पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।भ्रमण का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ ललित सागर कर रहे हैं, जो टूर इंचार्ज के रूप में छात्रों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनके साथ सहायक प्रोफेसर डॉ अम्बरीष कुमार राय भी मौजूद हैं, जो छात्रों को विभिन्न विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। इस आयोजन की सफलता में विभाग के कई सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जूनियर रिसर्च फेलो अमरजीत शर्मा, नीतीश कुमार एवं देव कुमार शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही विभागीय सहायक शिवशंकर कुमार, आदेशपाल संदीप कुमार तथा नारायण कुमार ने भी आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने में सहयोग दिया।विश्वविद्यालय प्रशासन एवं विभागीय शिक्षकों के इस प्रयास से छात्रों में व्यावहारिक ज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और उनका शैक्षणिक विकास सुनिश्चित होगा। यह भ्रमण न केवल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक सिद्ध होगा, बल्कि उन्हें अपने विषय की गहराई से समझ विकसित करने का अवसर भी प्रदान करेगा।

## जहनपुर में टूटी सड़क बनी मुसीबत दो साल से मरम्मत का इंतजार

**100 घरों की आबादी प्रभावित; नदी किनारे होने से हादसे का खतरा बढ़ा**

प्रात : किरण संवाददाता



कोईलवर। भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड अंतर्गत जोगता पंचायत के जहनपुर गांव (वार्ड संख्या 5) में महादलित टोले के समीप गांव को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली सड़क पिछले करीब दो वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी है। सड़क बीच से टूटकर धंस चुकी है, जिससे आवागमन जोखिम भरा और कठिन हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, कई बार शिकायत के बावजूद अब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया है। महादलित टोले की निवासी बीअफी देवो ने बताया कि टूटी सड़क के कारण गांव में आने-जाने में भारी परेशानी होती है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए यह रास्ता किसी चुनौती से कम नहीं है। लोगों को मजबूरी में वैकल्पिक और असुरक्षित रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है। नदी किनारे होने से बढ़ा खतरा, बरसात में हालात बदतर स्थानीय युवक पिंटू कुमार ने बताया कि सड़क के बिल्कुल किनारे कुम्हरी नदी बहती है। ऐसे में जरा सी चूक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। बरसात के दिनों में सड़क पर जलजमाव और फिसलन के कारण हालात और बिगड़ जाते हैं, जिससे ग्रामीणों को खेतों के रास्ते आना-जाना पड़ता है। सड़क के पास ही महादलित टोले का विद्यालय स्थित है। इस जर्जर रास्ते से गुजरकर बच्चों को स्कूल पहुंचना पड़ता है, जिससे अभिभावकों में चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार बच्चे फिसलकर गिर भी चुके हैं। वार्ड सदस्य मनोज कुमार ने बताया कि करीब 9 महीने पहले सड़क मरम्मत के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और स्थल पर शिलापट्ट भी लगाया गया है, लेकिन अब तक निर्माण एजेंसी ने काम शुरू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इस सड़क से लगभग 100 घरों के लोग जुड़े हैं, फिर भी प्रशासनिक उदासीनता साफ दिखाई दे रही है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कोई ठोस पहल नहीं की गई, तो वे जिलाधिकारी को लिखित शिकायत करेंगे।

## कौरा मठिया में टॉपर्स सम्मान समारोह मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित



जगदीशपुर प्रखंड के कौरा मठिया गांव में सोमवार को चाणक्य कोचिंग सेंटर की ओर से टॉपर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में इंटरमीडिएट परीक्षा में किसान ददन यादव की पुत्री सुभान्ति कुमारी, जिन्होंने 443 अंक प्राप्त किए, को कप, गमछा और साइकिल देकर सम्मानित किया गया। वहीं मैट्रिक परीक्षा में सुनील यादव के पुत्र अमरजीत कुमार, जिन्होंने 472 अंक हासिल किए, को भी कप, गमछा और साइकिल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोचिंग संचालक अमर सिंह ने कहा कि चाणक्य कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राएं हर वर्ष बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य आने वाले वर्षों में बिहार स्तर पर टॉप टेन में स्थान हासिल करना है। उन्होंने छात्रों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान चाणक्य कोचिंग सेंटर के विद्यालय शाखा के नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को भी प्रथम से पांचवें स्थान तक आने पर पुरस्कृत किया गया। इससे छोटे बच्चों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना और पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अर्जुन सिंह, दशरथ सिंह, सुबोध सिंह, अभिनाश कुशवाहा और अमित कुशवाहा उपस्थित रहे। अतिथियों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर शिक्षक जितेंद्र कुमार, मनीष कुमार, विनय चौबे, ओम प्रकाश कुमार, अहमद अंसारी सहित कई अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जहां छात्रों और अभिभावकों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

# शिक्षा शेरनी का दूध है बाबा साहेब के विचारों से होगा समाज का सुधार

प्रात : किरण संवाददाता



स्थानीय व्यवहार न्यायालय जगदीशपुर परिसर में अधिवक्ता संघ द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता वृंदानंद सिंह ने बाबा साहेब के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को वर्तमान समय में सबसे प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिवक्ता वृंदानंद सिंह ने कहा कि उन्होंने 1996 में अपनी वकालत की शुरूआत के साथ ही अधिवक्ता संघ में अम्बेडकर जयंती मनाने की परंपरा शुरू की थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से राजा और रंक, दोनों को समान रूप से मतदान का अधिकार देकर लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी। छुआछूत और महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ उनकी कानूनी लड़ाई आज भी समाज के लिए प्रेरणा है। अधूरी लड़ाई को पूरा करने का संकल्प अधिवक्ता वृंदानंद सिंह ने बाबा साहेब के प्रसिद्ध कथन को दोहराते हुए कहा शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो जितना पिएगा उतना ही अपने अधिकारों के लिए दहाड़ेगा। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि बाबा साहेब ने जो कानून बनाए और जिस समानता का सपना देखा, वह आज भी पूरी तरह धरातल पर नहीं उतरा है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ अधिवक्ता समाज और आम जनता को एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। आमजन के लिए ह्यपन्सालाह्न का उद्घाटन भीषण गर्मी को देखते हुए इस विशेष अवसर पर न्यायालय परिसर में ह्यपन्साला (पेयजल केंद्र) का भी उद्घाटन किया गया। बिंदानन्द ने बताया कि यहाँ आने वाले मुवक्किलों और अधिवक्ताओं के लिए शुद्ध शीतल जल और बताशे की व्यवस्था की गई है, जो पूरी गर्मी तक निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता और प्रबुद्धजन उपस्थित रहे, जिन्होंने बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

## वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर सख्ती, 5 घंटे की दैनिक उपस्थिति अनिवार्य

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। अब सभी शिक्षकों के लिए प्रतिदिन कम से कम पांच घंटे तक विश्वविद्यालय या संबंधित महाविद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य कर दिया गया है। यह निर्देश राज्यपाल सचिवालय के आदेश पर कुलसचिव द्वारा जारी किया गया है, जिसे सभी विभागाध्यक्षों, प्राचार्यों और पीजी केंद्रों तक पहुंचा दिया गया है।जारी आदेश के अनुसार, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों के तहत शिक्षकों का कार्यभार पहले से निर्धारित है, लेकिन अब उसकी निगरानी और सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।शिक्षकों को न केवल निर्धारित समय तक उपस्थित रहना होगा, बल्कि नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन भी करना होगा। यदि कोई शिक्षक निर्धारित समय और कार्य का पालन नहीं करता है, तो उसके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह नियम केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध शिक्षा की गुणवत्ता से है। अक्सर छात्रों की शिकायत रहती थी कि कई जगहों पर नियमित कक्षाएं नहीं चलतीं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। ऐसे में यह कदम छात्रों के हित में उठाया गया है, ताकि उन्हें बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके।यह नियम सेमेस्टर अवधि के दौरान प्रभावी रहेगा और पूरे शैक्षणिक वर्ष में कम से कम 180 कार्य दिवसों तक इसका पालन करना अनिवार्य होगा। प्रशासन द्वारा इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगीविश्वविद्यालय के इस फैसले से जहां एक ओर शिक्षण व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है, वहीं शिक्षकों के बीच इसको लेकर चर्चा भी शुरू हो गई है। अब देखना होगा कि इस सख्ती का शिक्षा व्यवस्था पर कितना सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## डीएम ने लगाया जनता दरबार 41 मामलों की सुनवाई

**अधिकारियों को दिए त्वरित व पारदर्शी निष्पादन के निर्देश**



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिला मुख्यालय में सोमवार को ईज ऑफ लिविंग पहल के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया ने स्वयं आमजनों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जनता दरबार में कुल 41 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। इनमें भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, पेयजल, सड़क एवं अन्य जनहित से जुड़े मामले शामिल रहे। डीएम ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का निष्पादन शीघ्र, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि आम लोगों को बार-बार कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता जरूरी डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे जनता की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहें और निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करें। साथ ही, लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करने को भी कहा गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने मौके पर ही कई मामलों का निष्पादन किया और शेष मामलों को शीघ्र निपटाने का आश्वासन दिया।

# स्नातक स्तारीय वोकेशनल कोर्स में चालू सत्र में शीघ्र होगा नामांकन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा । बिहार में स्नातक स्तर के छात्रों के लिए वोकेशनल कोर्स को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल शुरू होने जा रही है। इसी कड़ी में चालू शैक्षणिक सत्र में इन कोर्सों में नामांकन जल्द शुरू किया जाएगा। इसके लिए इस सप्ताह कॉलेजों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें एडमिशन प्रक्रिया, सीटों की उपलब्धता और कोर्स संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी।वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कॉलेजों में वोकेशनल कोर्स की मांग लगातार बढ़ रही है। खासकर बीसीए, बीबीए और अन्य तकनीकी व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में छात्रों की रुचि अधिक देखी जा रही है। यही कारण है कि विश्वविद्यालय प्रशासन इन कोर्सों को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने और अधिक छात्रों को अवसर देने की दिशा में काम कर रहा है। वोकेशनल कोर्स में नामांकन प्रक्रिया पारंपरिक कोर्सों की तरह ही नियमित सत्र के अनुसार चलेगी। कई कॉलेजों में इन कोर्सों के लिए सीमित सीटें निर्धारित हैं, लेकिन बढ़ती मांग को देखते हुए सीटों में बढ़ोतरी पर भी विचार किया जा रहा है।कुछ संस्थानों में सीधे नामांकन दिया जाएगा, जबकि कुछ जगहों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयन किया जा सकता है।पिछले सत्र में भी बड़ी संख्या में छात्रों ने इन कोर्सों में दाखिला लिया था, जिससे स्पष्ट है कि रोजगारपरक शिक्षा की ओर छात्रों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि वोकेशनल कोर्स छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान देने के साथ-साथ रोजगार के बेहतर अवसर भी प्रदान करते हैं।आगामी बैठक के बाद एडमिशन प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिसके तुरंत बाद नामांकन शुरू होने की संभावना है। इससे छात्रों को समय पर प्रवेश लेकर अपने करियर की दिशा तय करने में मदद मिलेगी।

## घायल होमगार्ड जवान से मिलने पहुँचे पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता, जल्द स्वस्थ होने की कामना



कोईलवर। शनिवार को सड़क दुर्घटना में घायल होमगार्ड जवान रूपेश कुमार का पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। उनकी स्थिति जानने और हौसला बढ़ाने के लिए सोमवार को कोईलवर से पत्रकारों का एक दल पटना पहुँचा। इस दल में नीरज कुमार, कृष्ण कुमार रंजन, दीपक कुमार, आलोक कुमार के साथ सामाजिक कार्यकर्ता राकेश शर्मा भी शामिल थे। वहां पहुंच कर पत्रकार आलोंक कुमार व दीपक कुमार ने घायल जवान के लिए रक्तदान की। अस्पताल में सभी ने घायल जवान से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान टीम ने चिकित्सकों से भी बातचीत कर स्वास्थ्य की अद्यतन जानकारी ली। डॉक्टरों ने बताया कि रूपेश कुमार का समुचित इलाज किया जा रहा है और उनकी स्थिति में सुधार की उम्मीद है। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राकेश शर्मा ने कहा कि रूपेश कुमार जैसे जवान हमारी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। ऐसे समय में उनका हौसला बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। हम ईश्वर से उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे जल्द ही स्वस्थ होकर अपने कर्तव्यों पर लौटेंगे।

## संदिग्ध मौत से सनसनी विवाहिता का शव फंदे से मिला ,मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

रोहतास। जिले के नासरीगंज थानाक्षेत्र के मंगीतपुर गांव में एक 29 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। महिला का शव घर के अंदर फंदे से लटकता हुआ बरामद किया गया है।

मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि महिला की गला दबाकर हत्या की गई है और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। वहीं गांव में चर्चा है कि महिला ने खुद फांसी लगाकर अपनी जान दी है। घटना के बाद से मृतका का पति सरोज पासवान अपनी बड़ी बेटी को लेकर फरार बताया जा रहा है। जिससे मामले ने और भी तूल पकड़ लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के ससुर बाल बच्चन पासवान को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि मृतका लक्ष्मीना की शादी वर्ष 2016 में सरोज पासवान से हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं दो बेटियां और एक बेटा। परिजनों के अनुसार तीन महीने पहले भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। जिसमें पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा था। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मायके पक्ष को सौंप दिया है और पूरे मामले की गहन जांच में जुट गई है। अब यह देखना अहम होगा कि यह मामला आत्महत्या का है या फिर हत्या जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही हो पाएगा।

## कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था का पुनर्गठन, अमित सिंह बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

सासाराम। कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक रोहतास जिले के डिहरी में संपन्न हुई। जिसमें संस्था के संविधान के अनुरूप नई कार्यसमिति का गठन किया गया। बैठक में संस्था के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा निर्णय लेते हुए पूर्व अध्यक्ष सीमल सिंह ने पुरानी सभी कमेटियों एवं पदों को भंग करने की घोषणा की। संस्था के नियमों के अनुसार प्रत्येक दो वर्ष पर कमेटी का पुनर्गठन अनिवार्य होता है। पुरानी कमेटी भंग होने के बाद कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। अमित सिंह उर्फ गोपाल सिंह को संस्था का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जबकि अंबुज कुमार सिंह को युवा विंग का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधिवत पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोर कमेटी सदस्य राजन राज ने की। सामाजिक कार्यों में संस्था की सक्रिय भूमिका बैठक के दौरान वक्ताओं ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। संस्था लंबे समय से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रही है। इसके प्रमुख कार्यों में सैकड़ों यूनिट रक्तदान कर मरीजों की सहायता करना,जरूरतमंद बच्चों के बीच पुस्तक,जूते और कपड़ों का वितरण तथा समाज के उत्थान के लिए निरंतर सेवा कार्य शामिल हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 14 अप्रैल 2026



संक्षिप्त खबरें

## पत्रकार एकता को लेकर बीएसपीएस का संगठन सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय विस्तार पर जोर

गयाजी। भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (इरढर) एवं झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापक शाहनवाज हसन संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत गया जिला पहुंचे। इस अवसर पर शहर के एक निजी होटल में आयोजित बैठक में पत्रकारों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।कार्यक्रम में भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ, बिहार प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार, गया जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश कुमार गुप्ता, अमित, राजू संदीप सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने, कार्यकारिणी का विस्तार करने तथा पत्रकारों की भागीदारी बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।संस्थापक शाहनवाज हसन ने कहा कि संगठन का उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें एक मजबूत मंच प्रदान करना है। उन्होंने बिहार सहित विभिन्न राज्यों से पत्रकारों की बढ़ती भागीदारी को सकारात्मक संकेत बताते हुए कहा कि आने वाले समय में संगठन और सशक्त रूप से उभरेगा।बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने भी संगठन से जुड़कर एकजुटता के साथ कार्य करने और पत्रकार हितों की आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया।

## पटवा टोली बना इंजीनियरों का गढ़, संघर्ष से सफलता की नई मिसाल : प्रकाश राम पटवा

गया जिले के मानपुर स्थित पटवा टोली आज देशभर में एक नई पहचान बना रहा है। कभी बुनकरों की नगरी के रूप में प्रसिद्ध यह क्षेत्र अब शिक्षा और तकनीकी सफलता का केंद्र बनता जा रहा है। यहां के साधारण परिवारों से निकलकर छात्र देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) तक पहुंच रहे हैं, जो पूरे समाज के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर नागरिक परिषद गया जी के उपाध्यक्ष एवं मगध बुनकर कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पटवा टोली का यह बदलाव संघर्ष, मेहनत और मजबूत संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यहां के कई अभिभावक भले ही अशिक्षित हैं, लेकिन अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है।श्री पटवा ने विशेष रूप से वृक्ष वी द चेंज संस्था के संस्थापक चंद्रकांत पाटेश्वरी को इस सामाजिक पहल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा गरीब और मजदूर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। श्री पटवा ने संस्था से जुड़े सभी शिक्षकों, सहयोगियों और समाज के उन सभी लोगों को भी बधाई दी, जो बच्चों के सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक प्रयास ही पटवा टोली को इंजीनियरों का गढ़ बना रहा है।श्री पटवा ने आगे कहा कि आज पटवा टोली के युवा न केवल देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में अपना स्थान बना रहे हैं, बल्कि विदेशों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। यह पूरे मगध और बिहार के लिए गर्व की बात है।अंत में उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में पटवा टोली शिक्षा और नवाचार का एक आदर्श केंद्र बनकर उभरेगा । और देश के अन्य क्षेत्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

# समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का संकल्प प्रेरणास्रोत है : डॉ प्रेम कुमार

प्रात : किरण संवाददाता




गया जी।भारतीय जनता पार्टी के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ द्वारा 02 देशरत्न मार्ग स्थित परिसर में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित लाभार्थी सम्मान समारोह कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए हैं।

इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का जो संकल्प लिया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गों को सशक्त बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। लाभार्थी सम्मान समारोह ऐसे ही प्रयासों की कड़ी है, जिसमें सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लोगों को सम्मानित कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया जाता है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन ने समाज के गरीब, वंचित एवं अतिपिछड़े वर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को आवास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, बैंकिंग सुविधा एवं गैस कनेक्शन जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में समावेशी विकास की अवधारणा को साकार किया जा रहा है, जिसमें समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है। उन्होंने उपस्थित लाभार्थियों से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ,महापौर सीता साहू ,प्रमोद चंद्रवंशी ,शिवपूजन राम ,वीरेंद्र चंद्रवंशी ,संजय निषाद ,यूपी शर्मा , सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वाद्य यंत्र पूजन समारोह में गूंजा संस्कृति और संगीत का संदेश

प्रात : किरण संवाददाता



परसा (सारण)। परसा प्रखंड के परसौना पंचायत स्थित जेडी प्रोजेक्ट महिला इंटर स्तरीय विद्यालय में सोमवार को वाद्य यंत्र पूजन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। विद्यालय परिसर के कला कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित रंजन ने कहा कि संगीत अपनी संस्कृति से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है, जो न केवल परंपराओं को जीवित रखता है, बल्कि छात्रों की पढ़ाई में एकाग्रता बाढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए वाद्य यंत्रों की विधिवत पूजा कर छात्राओं को संगीत एवं ललित कला का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया।

अमित रंजन ने विद्यालय में मौजूद योग्य संगीत एवं ललित कला शिक्षकों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय का नाम कला के क्षेत्र में और ऊंचाइयों ताक पहुंचेगा। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं ने भी उत्साह के साथ संगीत और ललित कला सीखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर संगीत शिक्षक डॉ. गोविंद वल्लभ और राकेश कुमार तथा ललित कला शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह और विकास कुमार ने छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। समारोह के दौरान संगीत शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने समां बांध दिया और उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था सामान्य

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था सामान्य जिला पदाधिकारी, अरवल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सतत अनुश्रवण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में यह सूचित किया जाता है कि अरवल जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता पूर्णतः सामान्य है। दिनांक 13 अप्रैल, 2026 की स्थिति के अनुसार जिले में कुल 2681 एलपीजी गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। साथ ही अरवल जिले के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान स्थित्ति के अनुसार पेट्रोल की उपलब्धता 122.5 किलोलीटर तथा डीजल की उपलब्धता 2323 किलोलीटर है, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जिले के सभी 14 गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु जिला नियंत्रण कक्ष (उङ्गल्ल३१ङ्घ' फ्ङ्गङ्गे) की स्थापना की गई है. जो 247 संचालित है।

उपभोक्ता निम्नलिखित दूरभाष संख्याओं पर संपर्क कर अपनी शिकायत / सुझाव दर्ज करा सकते हैं- 06337-228994, 06337-229494, 8235730817 जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि एलपीजी गैस की बुकिंग प्राप्त होने के उपरांत गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से उनके घर तक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

अतः उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों पर जाने की आवश्यकता नहीं है और वे घर बैठे ही बुकिंग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बुकिंग के लिए निर्धारित समय-सीमा निम्नवत है- शहरी क्षेत्र में 25 दिनों के उपरात पुनः बुकिंग, ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिनों के उपरांत पुनः बुकिंग -एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है. ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिला प्रशासन, अरवल द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता न करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों के समक्ष भीड़ न लगाएं, नियमानुसार बुकिंग करें एवं होम डिलीवरी सुविधा का लाभ उठाएं।

# पुस्तक गया जी के गौरव पुरुष: डॉ. विजय कुमार करण का लोकार्पण किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी। रेड क्रॉस भवन में स्वर्गीय डॉ. विजय कुमार करण की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है जिसमें उनकी विभिन्न संगठनों के प्रति समर्पण और स्मृतियों को समाहित करते हुए एक पुस्तक गया जी के गौरव पुरुषः डॉ. विजय कुमार करण का लोकार्पण किया गया हू। पुस्तक के लेखक डॉ. उमा शंकर सिंह, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, अनुग्रह मेमोरियल महाविद्यालय, गया ने बहुत ही कम समय में उनके बहु आयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने की अच्छी कोशिश की है रेड क्रॉस के चेयरमैन उपेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में सारी तैयारियां की गई ।स्वागत भाषण वरीय हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश सिंह ने किया जिसमें उन्होंने स्वर्गीय डॉ. विजय करण के योगदान को याद किया है।

मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. (प्रो.) कामेश्वर नाथ सिंह ने विश्वविद्यालय में आयोजित चिकित्सा शिविर में उनके निः स्वार्थ सेवा को याद किया है। स्वर्गीय पत्नी मंजू करण के नाम पर उन्होंने हिंदी विभाग में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रतिवर्ष दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्रदान करने की घोषणा की थी, जिसे प्रत्येक वर्ष दिया जाएगा।विशिष्ट अतिथि श्रीमान राणा प्रताप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उ. पूर्व क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख ने कहा कि सभा में इतने विशिष्ट जनों की उपस्थिति ये दशार्ती है कि उनका व्यक्तित्व कितना अद्वितीय था। वे एक आदर्श व्यक्ति एवं सेवा के प्रतिमूर्ति थे। रेड क्रॉस के सचिव डॉ. तनवीर उस्मानी के साथ प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. कौशलेंद्र प्रताप, डॉ. अनूप केडिया, डॉ. राम नरेंद्र प्रसाद, राम बरन यादव उपस्थित थे।डॉ. करण के परिवार के सभी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर यादगार बनाया विशेष रूप से दोनों पुत्र विकास कुमार, विवेक कुमार, पुत्रियां स्वाति सहाय, मनीषा सिंहा। उनके पोते और पोतियों के संदेश को अमेरिका से लाइव प्रसारित कर उपस्थित अतिथियों को सुनाया गया।कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के प्रबुद्ध प्रतिनिधि उपस्थित थे। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन विनय वर्मा, लायन डॉ. उमेश कुमार सहित अनेक सदस्य ने पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया है।वरीय नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभय सिंबा ने कार्यक्रम में पधारे उपस्थित सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## झारखंड से शेरघाटी तक शराब तस्करी का नेटवर्क बेनकाब
### सप्लाई चेन खंगाल रही पुलिस

शेरघाटी। अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शेरघाटी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने करीब 50 लीटर देसी शराब के साथ एक तस्कर को हिरासत में लिया है। इस कार्रवाई के बाद अंतरराज्यीय शराब तस्करी के नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है।पुलिस ने बताया कि नियमित जांच के दौरान एक बाइक सवार युवक संदिग्ध अवस्था में गुजर रहा था। पुलिस ने जब उसे रोककर तलाशी ली, तो बाइक से भारी मात्रा में देसी शराब बरामद की गई। गिरफ्तार युवक की पहचान झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत हंटरगंज निवासी संतोष चौधरी के रूप में हुई है।प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह झारखंड के हंटरगंज से शराब लेकर शेरघाटी की ओर आ रहा था। इससे यह स्पष्ट संकेत मिला है कि यह मामला अंतरराज्यीय शराब तस्करी से जुड़ा हुआ है। पुलिस को आशंका है कि इस धंधे में एक संगठित गिरोह सक्रिय है, जो लगातार सीमावर्ती इलाकों के रास्ते शराब की आपूर्ति कर रहा है।

# जिला परिषद अध्यक्ष के स्वर्गीय माता को जिला परिषद उपाध्यक्ष समेत जिले के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

गयाजी। जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी की माता स्वर्गीय गीता देवी के निधन के उपरांत ब्रह्मभोज के दिन उनके आवास पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

सभा में राजेश कुमार गुप्ता उर्फ धर्मवीर सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष शितल यादव,अनिल स्वामी, अमित दागी, प्रकाश कुमार गुप्ता, नितयम राज, डब्बू,मनोज,हैदर अली,अनंत धीश अमन, प्रभु नारायण, मनोज कुमार मन्नू, तनोज कानू, सनोज, श्याम सुंदर प्रसाद (मुखिया, छकरबंधा), पूर्व जिला पार्षद शंकर साव, दीपक कुमार गुप्ता (भाजपा प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ सह संयोजक सह क्षेत्रीय प्रभारी, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ), साहिल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने दिवंगत आत्मा के प्रति गहरी संवेदना और सम्मान प्रकट किया है।श्रद्धांजलि सभा के दौरान माहौल अत्यंत भावुक रहा। उपस्थित लोगों ने गीता देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया है। वक्ताओं ने कहा कि गीता देवी एक सरल, मिलनसार एवं समाजसेवी महिला थीं, जिनका संपूर्ण जीवन सेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा। इस अवसर पर नैना कुमारी ने भावुक शब्दों में अपनी माता को याद करते हुए कहा कि उनका स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।

## चुनाव चिन्ह मिलते ही प्रत्याशी जुटे जनसंपर्क में



सीवान/दरौदा। प्रखंड क्षेत्र में संबंधित समिति चुनाव को लेकर अभ्यर्थियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है. निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी सूची में विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों के नाम, कोटि एवं आवंटित चुनाव चिन्ह का उल्लेख किया गया है. जारी सूची के अनुसार रामगढ़ा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें उदय प्रताप सिंह एवं जैनेन्द्र कुमार सिंह शामिल हैं. दोनों सामान्य श्रेणी से हैं और उन्हें क्रमशः माला एवं ब्लैकबोर्ड चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है.वहीं, मंत्री/सचिव/कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदों के लिए भी विभिन्न कोटियों–अनुसूचित जाति/जनजाति, अति पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग–में अभ्यर्थियों के नाम घोषित किए गए हैं. इन पदों पर महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों से उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. सूची के अनुसार कुल मिलाकर विभिन्न पदों के लिए दर्जनों अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वही पैक्स अध्यक्ष पद पर उदय प्रताप सिंह जिनका चुनाव चिह्न मोतियों के माला मिलते ही क्षेत्र में अपने समर्थकों के साथ जनसंपर्क में है।

## व्यापार मंडल चुनाव के उम्मीदवारों का चिन्ह हुआ आवंटित

सीवान/दरौंदा व्यापार मंडल सहकारिता समिति के चुनाव को लेकर अंतिम अभ्यर्थी सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार कुल मतदाताओं की संख्या 191 है। संवीक्षा 10 एवं 11 अप्रैल 2026 को पूरी की गई।अध्यक्ष पद के लिए इस बार त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। मैदान में जब्बार हुसैन (ग्राम-बैदापुर) को मोतियों की माला, पप्पू सिंह (ग्राम-जलालपुर) को ब्लैकबोर्ड तथा मणिभूषण सिंह (ग्राम-धानाडीह) को किताब चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। तीनों उम्मीदवार सामान्य कोटि से हैं, जिससे मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना है।वहीं, अन्य अधिकांश पदों पर अभ्यर्थियों का चयन निर्विरोध हो गया है। अनुसूचित जाति/जनजाति कोटि से बाल कुमार राम का निर्विरोध चयन हुआ है। पिछड़ा वर्ग में जगलाल यादव एवं प्रमोद गिरी, अति पिछड़ा वर्ग में आजाद हुसैन एवं उत्तम ठाकुर निर्विरोध चुने गए हैं।सामान्य कोटि में भी चंद्रभूषण श्रीवास्तव, विकास कुमार, विजय शंकर दुबे, शब्बु खातून, शशि सिंह एवं संजू देवी सहित कुल छह अभ्यर्थियों का चयन निर्विरोध हुआ है।

# जिले के सभी सीएचसी में शुरू होंगे ईसीजी और अल्ट्रासाउंड की सेवाएं

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला स्वास्थ्य समिति के सभागार में क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ को और अधिक धारदार बनाने के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए। जिलाधिकारी की तत्परता के फलस्वरूप आने वाले दिनों में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं का बड़े पैमाने पर विस्तार किया जाएगा। अब जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर ईसीजी की सेवा उपलब्ध है और कुछ सीएचसी पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध है, शेष बचे स्वास्थ्य संस्थानों में अल्ट्रासाउंड मशीनें लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही पैथोलॉजी सेवाओं का विस्तार होगा। मुफ्त एक्स-रे की सुविधा भी आम जनों को मिलने लगी है। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य जिले के हर व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। तकनीकी सेवाओं जैसे ईसीजी और अल्ट्रासाउंड के विस्तार से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर काफी ऊंचा होगा।बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा जिले में 400 नई एएनएम की नियुक्ति की गई है। आरएडी डॉ. अजय कुमार ने निर्देश दिया कि ये सभी एएनएम, आशा कार्यकताओं और सीएचओ के साथ मिलकर सुदूर ग्रामीण इलाकों के स्वास्थ्य उपकेंद्रों तक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दें। इसी संदर्भ में डीपीएम रेहान असरफ ने कहा कि नई एएनएम की तैनाती और तकनीकी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से हम स्वास्थ्य सेवाओं के मूलभूत आधार को और अधिक धारदार बना रहे हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधन की टीम यह सुनिश्चित कर रही है कि रेफरल सेवाओं और ऑनलाइन पोर्टल्स की निगरानी में मुजफ्फरपुर राज्य में अग्रणी बना रहे। जिले में बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर के खतरे से बचाने के लिए ह्यगार्डासिलह्व इंजेक्शन लगाने का अभियान तेजी से चल रहा है। बैठक में जानकारी दी गई कि सोमवार तक 230 बच्चियों का टीकाकरण किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बच्चियों को यह टीका अवश्य लगवाएं। इसके साथ ही कायाकल्प अवार्ड के लिए मुरौल और मरवन को एक-एक लाख रुपये की सम्मान राशि प्राप्त हुई है, जो जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

बैठक में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम पर भी विशेष जोर दिया गया। निर्देश दिया गया कि जिले की 440 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए ह्य100 डेज टीबी कैंपेनह्व को पूरी गंभीरता से लागू किया जाए।

## दारौंदा के अधेड़ की मैरवा में सड़क दुर्घटना में हुई मौत

सीवान/दरौदा। थाना क्षेत्र के कोल्हुआ गांव के एक 60 वर्षीय अधेड़ की मैरवा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. बताया जा रहा है कि कोल्हुआ गांव निवासी व मृतक मुसाफिर राम (60 वर्ष) मानसिक रूप से विक्षिप्त थे. जो घर से बिना बताए चले गए थे. परिजन खोज भी नहीं किया लेकिन कहीं मालूम नहीं चला वही सोमवार की दोपहर में पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि मैरवा में सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई है इधर परिजन को जानकारी होने के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे. तब तक पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीवान भेज दिया.

# जनगणना: जिले के 13 चार्जों में प्रगणक व पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण शुरू

- 2 मई से मकान सूचीकरण कार्य प्रस्तावित, प्रशिक्षण में दायित्व, प्रक्रिया व डिजिटल ऐप की दी जा रही जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा/एकमा। जनगणना कार्य को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोमवार से नगर पंचायत एकमा बाजार स्थित अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय एकमा सहित जिले के 13 चार्जों में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा प्रतिनियुक्त जिला समन्वयक सह स्टेट ट्रेनर अदिति आनंद एवं आयुषी सिंह ने विभिन्न प्रखंडों में आयोजित प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया।

इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षुओं से मकान सूचीकरण ब्लॉक, भवन की परिभाषा, भवन नंबरिंग, नजरी नक्शा आदि से संबंधित प्रश्न पूछकर उनका मूल्यांकन भी किया। उन्होंने तरैया, मढ़ौरा, नगरा एवं सदर प्रखंडों का दौरा किया।वहीं, सदर एसडीएम सह वरीय प्रभारी पदाधिकारी नीतेश कुमार ने गरखा में प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए कहा कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य आगामी 2 मई से शुरू किया जाना प्रस्तावित है। इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण को प्रभावी एवं त्रुटिरहित बनाया जाना आवश्यक है।जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अंजनी कुमार लाल ने बताया कि 13 अप्रैल से सोनपुर, दरियापुर, परसा, अमनौर, मढ़ौरा, नगरा, छपरा सदर, मांझी, एकमा, बनियापुर, पानापुर, तरैया एवं गरखा समेत कुल 13 चार्जों में प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि 16 अप्रैल से जिले के सभी 30 चार्जों में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में चयनित कर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

अपर जिला जनगणना अधिकारी सह डीआईओ तारणी कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई जा रही है। इसमें घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करने की विधि, प्रपत्रों को सही ढंग से भरने के तरीके, तथा डेटा संकलन में गोपनीयता, पारदर्शिता एवं सटीकता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही डिजिटल माध्यम से गणना के लिए मोबाइल एप्लीकेशन एचएलओ की भी जानकारी दी जा रही है।स्टेट ट्रेनर सह डीसीएलआर आलोक राज ने कहा कि प्रशिक्षण में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें नागरिकों से विनम्र व्यवहार, सही एवं प्रमाणिक जानकारी एकत्र करने तथा गोपनीयता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्ट किया गया कि जनगणना के दौरान प्राप्त सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और इसका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में किया जाएगा।जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी अपने-अपने प्रखंडों के अधीन चार्जों में चल रहे प्रशिक्षण की सतत निगरानी कर रहे हैं, ताकि प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनी रहे और सभी कर्मी दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

## मौर्य एक्सप्रेस से शराब के साथ समस्तीपुर का तस्कर गिरफ्तार, आरपीएफ सीवान की कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता



सीवान। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) सीवान ने मौर्य एक्सप्रेस में सघन चेकिंग अभियान चलाकर एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (वाराणसी) और सहायक सुरक्षा आयुक्त (छपरा) के निर्देश पर आरपीएफ प्रभारी सुबाष चंद्र यादव के नेतृत्व में टीम ट्रेनों में आपराधिक गतिविधियों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान गाड़ी संख्या 15028 (मौर्य एक्सप्रेस) के विकलांग कोच की तलाशी ली गई। संदेह होने पर एक युवक के पिट्ठू बैग की जांच की गई, जिसमें से शराब बरामद हुई।

### कुल 11.760 लीटर शराब बरामद

आरपीएफ ने युवक के पास से 180 एमएल के 32 टेट्रा पैक (8 ढट अंग्रेजी शराब) और 500 एमएल की 12 केन किंगफिशर बीयर जब्त की है। बरामद शराब की कुल मात्रा 11.760 लीटर और अनुमानित कीमत करीब 5840 रुपये बताई जा रही है।

### समस्तीपुर का रहने वाला है तस्कर

गिरफ्तार तस्कर की पहचान आयुष कुमार महतो (19 वर्ष), पिता- सुरेंद्र महतो, ग्राम- कल्याणपुर (वार्ड नंबर 6), जिला- समस्तीपुर के रूप में हुई है। आरपीएफ ने कागजी कार्रवाई के बाद आरोपी और जब्त शराब को जीआरपी सीवान को सौंप दिया है। जीआरपी ने आयुष के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 59/26 दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।इस छापेमारी टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह, सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार यादव, कांस्टेबल विजय कुमार यादव और उपेंद्र कुमार सिंह शामिल थे।

## सबका सम्मान जीवन आसान के तहत आमजनों से हुआ सम्मानपूर्वक संवाद

सीवान/दारौंदा। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित अंचल कार्यालय में सोमवार को सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत अंचल अधिकारी रविंद्र राम ने आमजनों से सम्मानपूर्वक संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान अंचल क्षेत्र से पहुंचे कई लोगों ने अपनी-अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें भूमि पैमाइश, दाखिल-खारिज, भूमि विवाद तथा पुराने जमाबंदी से संबंधित मामले प्रमुख रूप से शामिल रहे। अंचल अधिकारी ने बारी-बबारी से सभी आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित कर्मियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान अंचल डीईओ ब्रजेश राज एवं फरियादी पहुंचे।

## जनगणना को लेकर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

सीवान/दरौंदा. प्रखंड के बीआरसी परिसर स्थित माध्यमिक विद्यालय के स्मार्ट क्लास में सोमवार को जनगणना से संबंधित प्रथम चरण के तहत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षको का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया. जिस कार्यक्रम की उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी सिम्पी कुमारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सौरभ सुमन ने की. कार्यक्रम के पहले दिन एक बैच में 42 लोगो ने प्रशिक्षण लिया. बीईओ बताया कि अन्य दिनों में तीन-तीन बैचों में प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा. प्रशिक्षण कार्य फील्ड मास्टर सचिन कुमार दुबे के द्वारा कराई गई.

# नीति संवाद एवं वर्चुअल इंटरेक्शन से युवाओं को मिली नई दिशाः विजय कुमार सिन्हा

प्रातः किरण संवाददाता






पटना-युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत माय भारत, बिहार द्वारा आयोजित माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 अंतर्गत दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन पटना स्थित ऊर्जा भवन के सभागार में हुआ।

कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न जिलों से आए युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा नीति निर्माण, लोकतांत्रिक संवाद एवं समसामयिक विषयों पर अपने विचार प्रभावी रूप से प्रस्तुत किए।

द्वितीय दिवस के उद्घाटन सत्र में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री संजय सिंह टाइगर, विधायक संजीव चौरसिया, विधायक शुभानंद मुकेश, राज्य निदेशक, माय भारत बिहार कपिल देव राम, प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथियों के आगमन उपरांत वंदे मातरम् गीत एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।उद्घाटन सत्र में राज्य निदेशक कपिलदेव राम ने माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को बजट की समझ, नीति-निर्माण की प्रक्रिया एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करती है।

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन यह प्रमाणित करते हैं कि देश का युवा न केवल जागरूक है, बल्कि आर्थिक एवं समसामयिक विषयों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध भी है।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पैनल चर्चा सत्रों में विषय विशेषज्ञों ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। प्रथम सत्र विकसित कृषि विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें डॉ. आशुतोष उपाध्याय, निदेशक, आईसीएआर पूर्वी क्षेत्र, पटना तथा राजेंद्र कुमार, को-फाउंडर एवं के-बिजनेस ऑफिसर द्वारा विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इस दौरान युवाओं से प्राप्त सुझावों एवं फीडबैक को भी गंभीरता से संज्ञान में लिया गया।द्वितीय सत्र मानव संसाधन पर आधारित रहा, जिसमें एडिशनल सेक्रेटरी ,युवा रोजगार एवं कौशल विकास एवं डॉ. संजीत समीर, निदेशालय योजना, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, बिहार द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस सत्र में भी प्रतिभागियों के सुझावों एवं विचारों को महत्वपूर्व रूप से सुना गया।कार्यक्रम के समापन में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ,भारत सरकार के मंत्री मनसुख मांडवीया के द्वारा युवाओं से वर्चुअल इंटरेक्शन के माध्यम से माय भारत संबंधित विषयों, कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई एवं ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़ने हेतु प्रोत्साहित किया`यह निष्कर्ष सामने आया कि माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 युवाओं को न केवल नीति-निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने में सफल रहा, बल्कि उन्हें राष्ट्र के समग्र विकास में अपनी भूमिका को समझने हेतु प्रेरित भी किया।

# समारोह आयोजित कर मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

- समय प्रबंधन व नियमित अभ्यास से मिलती है सफलता : सिकंदर
- कोचिंग संस्थान ने प्रशस्ति पत्र व मेडल तथा मोमेंटो देकर किया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता




पालीगंज। स्थानीय पुरानीसराय स्थित स्टडी प्वाइंट कोचिंग में सोमवार को छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में पालीगंज प्रभात खबर के संवाददाता सिकंदर कुमार , नवबिहार टाइम्स संवाददाता अशोक कुमार, सोशल मीडिया के अमलेश कुमार व संस्थान के संस्थापक चन्दन कुमार समेत अन्यों ने बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर अंक लाने वाले बच्चों को मेडल व सर्टिफिकेट आदि देकर सम्मानित किया. इससे पूर्व संस्थान के संस्थापक चंदन कुमार ने अंग वस्त्र आदि देकर अतिथियों का स्वागत किया. मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए पत्रकार सिकन्दर कुमार ने कहा कि समय प्रबंधन व नियमित अभ्यास से सफलता मिलना तय है. अशोक कुमार ने बच्चों को बड़ा लक्ष्य रखकर उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया. वही अमलेश कुमार ने कहा कि सही मार्गदर्शन व नियमित प्रयास से कोई मंजिल दुर नही है.

इस दौरान मैट्रिक परीक्षा में जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला रौशन राज को मेटल व प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया . वही प्रिया कुमारी,अरुण कुमार, अनुष्का कुमारी, पवन,रोहित कुमार, अंशु, इंदरजीत कुमार अविनाश कुमार, आदर्श, करीना कुमारी, प्रिंस कुमार, अमन कुमार अविनाश ,मुस्कान कुमारी व रौशन गुप्ता सहित कई छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र ,मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों ने इस वर्ष भी बेहतर अंक प्राप्त कर पालीगंज व लालगंज सेहरा क्षेत्र का नाम रोशन किया है.

मौके पर स्टडी प्वाइंट के संस्थापक चंदन कुमार ने सफल छात्रों को मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

## संक्षिप्त खबरें

### आईआईटी पटना को एआई शिक्षा रैंकिंग में 5 वां स्थान हासिल किया



पटना। क्रॉनिकल्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी नवीनतम प्रौद्योगिकी और एआई शिक्षा रैंकिंग-2026 में, आईआईटी पटना ने देशभर के शीर्ष 75 संस्थानों में 5 वां स्थान हासिल किया है। यह मान्यता तकनीकी शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की असाधारण प्रतिबद्धता और नवाचार को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। आईआईटी पटना के निदेशक प्रोफेसर टीएन सिंह ने कहा कि यह मील का पत्थर एक सामूहिक उपलब्धि है।

# निर्धन छात्र छात्राओं को मिलेगा मुफ्त शिक्षाः प्रेम कुमार



प्रातः किरण संवाददाता

पटना- सबको मिले गुणवत्तापूर्ण शिक्षा यह प्रेम यूथ फाउंडेशन की पहली प्राथमिकता है । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि फाउंडेशन चार दशक से शिक्षा और रोजगार के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा है । निर्धन एवं असहाय लोगो को वालाजी सीटेट एवं बीपीएससी लर्निंग सेंटर में फ्री शिक्षा दिया जायेगा । शिक्षा राष्ट्र निर्माण के लिए हो शिक्षा ही मानव निर्माण का माध्यम है । फाउंडेशन किसानों के लिए किसानों के लिए किसान क्लब , छात्र छात्राओं के लिए विज्ञान क्लब, पुस्तकालय एवं वाचनालय की स्थापना किया जा रहा है । इस वर्ष दिसंबर तक सभी पंचायतों में युवा विकाश केंद्र खोंलने की योजना है । उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि आज का युवा इसलिए शिक्षा प्राप्त करना चाहता है ताकि उसे अच्छी नौकरी मिले जिससे भोगपरक जीवन जीने का आनंद उठाया जा सके इसी आनंद की तलाश में असफल होने पर वह अवैध तरीके से धन कमाने की चेष्टा करता है जो उसके जीवन मे जहर घोलता है । फाउंडेशन से जुड़कर हजारों छात्र छात्राओं ने इंटर्नशिप कर समाज मे योगदान कर रहे है । वही फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने कहा कि हमारे लाखों स्वयंसेवक विकसित भारत के परिकल्पना को साकार करने में जुटे है । उन्होंने सभी लोगो से आह्वान किया कि राष्ट्रीहित को सर्वोपरि समझे । मौके पर नीतीश कुमार, राहुल कुमार, अंकित कुमार,मनीष कुमार मौजूद रहे ।

# बाबा साहेब जयंती पूर्व संध्या पर भाजपा ने मनाया दीपोत्सव, प्रदेश अध्यक्ष हुए शामिल

- दीपोत्सव का उद्देश्य समतामूलक समाज, एकता और भाईचारे का संदेश देना: संजय सरावगी

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार की शाम बिहार भाजपा ने उनके प्रतिमा स्थलों पर दीपोत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर पटना उच्च न्यायालय परिसर स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी पटना उच्च न्यायालय परिसर स्थित बाबा साहेब प्रतिमा स्थल पहुंचे और बाबा साहेब की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब की जयंती को दीपोत्सव के रूप में मनाने का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और समतामूलक समाज, एकता और भाईचारे का संदेश देना है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब की जयंती पर यह संकल्प लें कि अपने बच्चों को शिक्षित कर अपने हक और अधिकार को प्राप्त कर देश के जिम्मेदार नागरिक बनें और बाबा साहेब के सपनों का देश बनाने का संकल्प लें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि जब तक देश के शोषित और वंचित समाज को विकास की मुख्यधारा में नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक विकसित भारत की कल्पना अधूरी रहेगी। उन्होंने कहा कि आज एनडीए की सरकार बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने में जुटी है। इस दीपोत्सव कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। इस मौके पर बाबा साहेब का प्रतिमा स्थल दीपों की रोशनी से रोशन हो गया।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नारी शक्ति वंदन अभियान के हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कर दिया समर्थन

पटना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सावगी यहां नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत आयोजित हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता करते हुए अपना हस्ताक्षर कर समर्थन व्यक्त किया।उन्होंने इस मौके पर कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम होगा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं को नीति की लाभार्थी से आगे बढ़ाकर नीति निमार्ता बनाने का कार्य करेगा।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



अरवल। जिला पदाधिकारी-सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति अरवल अमृषा बैस की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक समाहरणालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा एवं निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान संविदा आधारित स्वास्थ्य उपकेन्द्रों में कार्यरत कर्मियों के सेवा संबंधी मामलों पर विचार करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, कुछ कर्मियों पर स्पष्टीकरण करने हेतु निदेशित किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं लेखा सहायक के सेवा अवधि विस्तार के संबंध में राज्य स्वास्थ्य समिति के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप विचार कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में आउटसोर्स सेवाओं के विस्तार पर भी चर्चा की गई। साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक निर्णय लिए गए। साथ ही. अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु निर्देश दिए गए।सदर अस्पताल, अरवल में संचालित रठउव एवं ठफ्ऌ में आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से व्यवस्था करने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त होल्डिंग टैक्स संबंधी प्रक्रियाओं के अध्ययन हेतु जिला कार्यक्रम प्रबंधक को निर्देशित किया गया। बैठक में प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य कर्मियों के स्थानांतरण एवं कार्य विभाजन के संबंध में भी विस्तृत चर्चा करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दी गई। बैठक में सिविल सर्जन, उप विकास आयुक्त, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस के साथ विभिन्न स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे

# अस्पतालों में हीट स्ट्रोक में प्रयोग की दवाएँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेः डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, डॉ. त्यागराजन एस.एम. द्वारा हीट वेव एक्शन प्लान के तहत गरम हवाओं/लू के दौरान लोगों के स्वास्थ्य (विशेष तौर पर बच्चों, गर्भवती व धात्री माताओं) की सुरक्षा हेतु की जाने वाली कार्रवाईयों से संबंधित निदेश पूर्व में निर्गत किया गया है। उन्होंने इसके क्रियान्वयन के लिए १५ विभागों को सजग एवं सक्रिय रहने को कहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जाने वाले कारवाईयों के संबंध में सिविल सर्जन को भी पहले ही निदेश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में वातावरण में सामान्य नमी की कमी के फलस्वरूप मौसम शुष्क रहने के कारण गरम हवाओं/लू चलने की पूरी संभावना रहती है। ऐसे में बच्चे, गर्भवती व धात्री माताएँ, वृद्धजन तथा पूर्व से गंभीर बीमारी से ग्रसित लोग जोखिम में पड़ सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि इन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### गरम हवाओं/लू लगने के सामान्य लक्षण

गरम हवाओं/लू लगने के सामान्य लक्षण के रूप में अधिक पसीना आना, तेज गति से सांस का चलना, मांसपेशियों में दर्द, मितली/उल्टी या दस्त या दोनों का होना पाया जाता है, अत्यधिक प्यास लगने लगती है, तेज बुखार आ सकता है या कभी-कभी मूर्छा भी आ सकती है। इसके लिए पूर्व तैयारी, लोगों में जागरूकता एवं बचाव के उपायों को जानकर ही जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस हेतु निम्नांकित तीन स्तरों पर आवश्यक कार्रवाई की गयी है-

हीट वेव एक्शन प्लान के तहत जिला स्तर पर जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में १८-सदस्यीय जिला स्तरीय लू आपदा राहत टास्क फोर्स के साथ साथ एक महामारी समिति गठित है जिसमें उप विकास आयुक्त/पुलिस अधीक्षक/सिविल सर्जन/आपूर्ति विभाग/आपदा प्रबंधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारी सदस्य हैं। यह समिति जिले में लू/गरम हवाओं के चलने से उत्पन्न होने वाली स्थिति में पूर्व के अनुभवों के आधार पर सभी संबंधित के साथ समन्वय स्थापित कर निरोधात्मक एवं उपचारात्मक कार्य करेगी। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निदेश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों की जानकारी सभी स्टेकहोल्डर्स को हो। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निदेश दिया कि गरम हवाओं/लू लगने के लक्षण, उसके कुप्रभाव एवं प्राथमिक उपचार के संदर्भ में सभी स्वास्थ्य कर्मियों का संवेदीकरण किया जाए एवं यह भी बताया जाए कि किन लक्षणों के होने पर प्रभावित को तत्काल विशेष चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता होगी, जिससे बिना देर किए प्रभावित को गहन विशेष चिकित्सा के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र या अन्य स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जा सके।सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों/अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/अनुमंडलीय अस्पतालों/जिला अस्पतालों/चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में सुनिश्चित किया

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग की कार्यकारिणी की बैठक हुई सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

पटना । नई दिल्ली में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग की पहली राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का सफल आयोजन एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया है। इस बैठक ने न केवल पत्रकारों की सुरक्षा और अधिकारों के मुद्दों को केंद्र में रखा, बल्कि संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने की दिशा में भी ठोस निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता आयोग के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष निशिकांत राय ने की, जिसमें देशभर से आए पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए।

बैठक के दौरान निशिकांत राय ने संगठन की भावी योजनाओं और प्राथमिकताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आयोग हर वर्ष अलग-अलग राज्यों में अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करेगा, जिससे संगठन की पहुंच और सक्रियता पूरे देश में बढ़ेगी। यह कदम क्षेत्रीय स्तर पर पत्रकारों की समस्याओं को समझने और उनके समाधान के लिए अधिक प्रभावी रणनीति बनाने में सहायक सिद्ध होगा। बैठक का एक महत्वपूर्ण निर्णय स्मारिका प्रकाशन से जुड़ा रहा। आयोग द्वारा प्रत्येक कार्यकारिणी बैठक के अवसर पर एक स्मारिका प्रकाशित की जाएगी, जिसमें विभिन्न राज्यों में किए गए कार्यों, उपलब्धियों और चुनौतियों का विस्तृत विवरण होगा। यह स्मारिका न केवल संगठन की गतिविधियों का दस्तावेज बनेगी, बल्कि अन्य सदस्यों और संगठनों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी साबित होगी। पत्रकारों के सम्मान और प्रोत्साहन को ध्यान में रखते हुए आयोग ने यह भी तय किया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। यह पहल पत्रकारों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और कार्य के प्रति समर्पण को बढ़ावा देगी। निशिकांत राय ने कहा कि पत्रकार



समाज का आईना होते हैं, इसलिए उनका मनोबल ऊंचा रखना बेहद जरूरी है।

पत्रकारों की सुरक्षा के मुद्दे पर भी बैठक में गंभीर चर्चा हुई। आयोग ने यह स्पष्ट किया कि यदि किसी पत्रकार के साथ कोई घटना या दुर्घटना होती है, तो संबंधित राज्य इकाई सरकार से जांच और मुआवजे की सशक्त मांग करेगी। यह निर्णय पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इसके साथ ही, पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य और जीवन बीमा योजनाओं को लेकर भी अहम निर्णय लिए गए। जिन राज्यों में पहले से ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस लागू हैं, वहां इन योजनाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। वहीं जिन राज्यों में ऐसी योजनाएं लागू नहीं हैं, वहां उन्हें लागू कराने के लिए संबंधित सरकारों को पत्र लिखा जाएगा। यह पहल पत्रकारों और उनके परिवारों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

संगठनात्मक मजबूती के लिए आयोग ने कोर ग्रुप के गठन और पदाधिकारियों के कार्यों का स्पष्ट विभाजन करने का भी निर्णय लिया। इससे संगठन की कार्यप्रणाली अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी बनेगी। स्पष्ट जिम्मेदारियों के निर्धारण से कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी। सामाजिक दायित्व के तहत आयोग ने एक सराहनीय पहल की घोषणा की। आयोग के बैनर तले गरीब बच्चों के लिए 15 दिनों की मुफ्त कैरियर काउंसलिंग और ऑनलाइन यूपीएससी तैयारी कराई जाएगी। यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देगी, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करेगी।

बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एस.एन. भट्ट, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा और सुरेश कुमार शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव डॉ. प्रो. निशा सिंह, राष्ट्रीय सचिव संघमित्रा सिंह सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। वाराणसी मंडल अध्यक्ष राजेश गौतम, निशांत भारती, संजय कुमार मिश्रा, संतोष कुमार, संदीप कुमार, डॉ. वारिस अहमद खान, योगेश भट्ट, एस.एस. चंदेल और सुदर्शन कुमार समेत अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार रखे और संगठन के विकास के लिए सुझाव दिए।

यह बैठक राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग के लिए एक नई दिशा और ऊर्जा लेकर आई है। पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण के लिए उठाए गए ये कदम न केवल सराहनीय हैं, बल्कि भविष्य में पत्रकारिता के क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# वीजा और एचडीएफसी बैंक लाए फीफा वर्ल्ड कप 2026 का खास ऑफर




प्रातः किरण संवाददाता

पटना : वीजा ने एचडीएफसी बैंक के साथ ह्यफीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी पार्टनरशिप का ऐलान किया। इस पार्टनरशिप के तहत वीजा और एचडीएफसी बैंक ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 का एक लिमिटेड-एडिशन वीजा पिक्सल क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। इसके साथ ही, पूरे देश में एक खास स्पेंड एंड विन कैंपेन भी शुरू किया गया है, जिससे भारतीय कस्टमर्स दुनिया के सबसे ज्यादा इंतजार किए जाने वाले ग्लोबल स्पोट्र्स इवेंट के और करीब आ सकेंगे।

इस पहल के जरिए ग्राहकों को फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मैच देखने, मर्चेंडाइज और अन्य आकर्षक इनाम जीतने का मौका मिलेगा। यह कार्ड डिजिटल-फर्स्ट और ऐप-बेस्ड है, जिसे ग्राहक आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। एचडीएफसी बैंक के ग्रुप हेड, ब्रांच बैंकिंग, पेमेंट्स, ट्रेजरी, लायबिलिटी प्रोडक्ट्स, मार्केटिंग, वर्चुअल चैनल्स और इंफ्रास्ट्रक्चर-आशीष पार्थसारथी ने कहा, भारत के सबसे बड़े क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता के तौर पर, हमें वीजा के साथ साझेदारी करके लाखों ग्राहकों के लिए फीफा वर्ल्ड कप का रोमांच और डिजिटल पेमेंट्स की आसान सुविधा एक साथ लाने में खुशी हो रही है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496